फादर कोन्सटंट लीवन्स

और

दिघिया



भीखू तिरकी

2

फादर कोन्सटंट लीवन्स
और
दिघिया

लेखक
भीखू तिरकी

झारखण्ड झरोखा, राँची

ISBN : 978-93-85595-58-5

प्रथम संस्करण : 2016

सर्वाधिकार © : लेखक

प्रकाशक : झारखण्ड झरोखा
शोप नं.- डी. जी. 03, न्यू बिल्डिंग, न्यू मार्केट,
रातू रोड, राँची, (झारखण्ड), पिन नं. 834001
मो. 09973112040, 09471160792
E-mail : jharkhandjharokha@yahoo.com

(किसी भी प्रकार के वाद-विवाद के लिए प्रकाशक जिम्मेवार नहीं है।)

अजिल्द : 200.00
सजिल्द : 450.00

Father Constant Lievens Aur Dighia

by Bhikhu Tirkey

दो शब्द

इस पुस्तक के पूर्व मैंने पाँच पुस्तकों को लिखकर प्रकाशित किया है। इस पुस्तक का छठा स्थान है। फादर लीवन्स बेल्जियम के मूर्सलेड गाँव में 1856 ईस्वी में जन्में ग्यारहवें भाई-बहनों में इनका स्थान सातवाँ था। ये येसुइट समाज में पढ़-लिखकर 1885 में छोटानागपुर आये। तोरपा में मुंडा क्षेत्र में तीन वर्षों तक कार्य कर हजारों-हजार लोगों को काथलिक बनाया। इसके बाद जून 1888 में राँची-दिघिया आकर हजारों-लाखों लोगों को काथलिक धर्म में लाया। जंगलों-पहाड़ों, नदी नालों की रमणिक भूमि और आदिवासियों का प्यार और उनका काथलिक धर्म की ओर झुकाव लीवन्स के मन को मोह लिया। इसीलिए ये मरने के पहले यहाँ आने की कामना करते थे। इनकी मृत्यु 7 नवम्बर 1893 गुरूवार 2:30 बजे अपराहन को बेल्जियम में हो गई। काथलिक धर्म और संगठन का श्रेय इन्हीं पर जाता है।

दिघिया बेड़ों थाने का एक खुशहाल मौजा है। इस गाँव में चार महतो-शासक और चार पहान-पुजारी थे। गाँव संगठित और सरना धर्म पर अडिग था। 1888 में बाहर से आकर पठान परिवार बसा और घोड़े को मार डालने के बहाने में तीन टोलों के उराँवों को गाँव से मार भगाया और इनके खेतों एवं श्मशानों को दखल कर लिया। इनका अत्याचार गाँव में पूरा रहा।

राय सहेब बन्दी राम उराँव राँची के पुरानी राँची में 1872 में जन्मे। राँची जिला स्कूल में नवीं क्लास तक पढ़कर सामाजिक काम में लग गये। इन्होंने देहात के लोगों के लिए 40-50 रूम का छात्रावास बनवाया। बाद में ये राजनीति में प्रवेश किये और आदिवासी महासभा बनाया। बैठकी के लिए हिन्दपीड़ी में महासभा भवन भी बनवाया। आदिवासी पत्रिका निकाली। इन्होंने ही छोटानागपुर को बिहार से अलग करने का पहला नारा लगाया।

गानों में आदिवासी सभ्यता और जीवन के दृष्टिकोण की तस्वीर झलकती है। कुछ-कुछ गाने शिक्षाप्रद भी हैं। इनके जीवन के कार्य-कलापों एवं वातावरण के अनुरूप से ही गानों का उदगारपूर्ण प्रादुर्भाव हुआ है। नाचने-गाने के लिए जोड़ी साथी और सम्बन्धित बाजों का होना जरूरी है। तब देखिये इनके आनन्द को। इनको खाने-पीने की कोई चिन्ता नहीं। नाच-गान देखने वालों का मन भी गद-गद हो उठता है।

भीखू तिरकी

विषय सूची

1. फादर कोन्सटंट लीवन्स की संक्षिप्त जीवनी और छोटानागपुर में काथलिक धर्म का प्रचार 07–35

2. ग्राम दिघिया 36–49

3. राय साहेब बन्दी राम उराँव 50–57

4. जतरा डंडी, जदुरा डंडी, जदुरा लुझरी, माठा और झूमर 58–124

5. राज गांगपुर–उड़ीसन ता चाजिका ठड़िका कुँड़ुख़ डंडी 125–176

अध्याय - 1

फादर कोन्सटंट लीवन्स का बचपन और छोटानागपुर में कार्य

(1885 से 28 अगस्त 1892 तक)

फादर कोन्सटंट लीवन्स का जन्म बेल्जियम के मूर्सलेड गाँव में 11 अप्रील 1856 को हुआ था। इनके पिता का नाम जॉन लीवन्स था। यह एक किसान परिवार का था। इनके करीब 40 एकड़ का फारम था। इनके पास गाय-बैल और घोड़े थे जिससे परिवार का काम-काज चलता था। जॉन लीवन्स के ग्यारह बेटे-बेटियाँ थीं। इनमें इनका सातवाँ स्थान था। इतने बड़े परिवार के पालन-पोषण में इनको दिक्कत होती थी। फादर कोन्सटंट लीवन्स अपने भाई-बहनों के साथ अपने पल्ली के प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाया करता था। इनके पिता जी काथलिक धर्म को मानने वाले थे। ग्यारह वर्ष की उम्र में इन्होंने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। उसी वर्ष उनकी माँ बीमार पड़ गई। वह 'कोमा' में रह गई थी। लीवन्स माँ को देखने गये, माँ उन्हें पहचान तक नहीं सकीं, आशीर्वाद देना तो दूर रहा। कुछ महीनों के बाद उनका देहान्त हो गया।

माँ की मृत्यु के बाद कोन्सटंट लीवन्स को प्राइमरी स्कूल छोड़ना पड़ा। वह अपने पिता के फारम में काम करने लगा। गाय और घोड़ों की देख-रेख इन्हीं के जिम्मे में था। वह घोड़े की सवारी भी करता था। पिता के कन्धे में इतने बड़े परिवार को चलाना बहुत मुश्किल हो रहा था, इसलिए लीवन्स को पढ़ने के लिए स्कूल नहीं भेज रहा था। एक दिन वहाँ के पल्ली पुरोहित ने इनको खेतों में काम करते देखा और इनके पिता जॉन लीवन्स को कहा कि मैं इन्हें स्कूलों में मिशन के खर्चों से पढ़ाउँगा। उनके पिता ने जबाब दिया मैं इन्हें अपने खर्च से पढ़ा नहीं सकूँगा। आप इन्हें पढ़ाने के लिए ले जा सकते हैं।

पल्ली पुरोहित ने उन्हें रूसलार के उच्च विद्यालय में नामांकन करा दिया। इस समय वह 14 (चौदह) वर्ष का हो गया था। लीवन्स छः वर्षों के अन्दर ही लातिन, यूनानी, फ्रान्सिसी, जर्मन और अंग्रेजी सीख ली। उन्होंने पल्ली फादर से पुरोहित

बनने की इच्छा जाहिर की इसलिए उन्हें मिशनरी शिक्षा देना शुरू कर दी गई। वह बेल्जियम के येसु समाज में चला गया। येसु समाजी फादर डेस्मेट उस समय अमेरिका के रेड इन्डियनों के बीच काम कर रहे थे। इन्होंने कोन्सटंट लीवन्स को अमेरिका ले गया। वहाँ इन्होंने रेड इन्डियनों के बीच अपना मिशनरी काम-काज एवं सेवा को दिखाया। इस सेवा कार्य से प्रभावित वह अमेरिका में ही पुरोहित बनना चाहता था। उनकी भेंट एक समय के सहपाठी से हुई जो उनके गाँव मूर्सलेड का था उन्होंने उन्हें सलाह दी कि कलकत्ता जो भारत की राजधानी है वहाँ का मिशन बेल्जियम फादरों के अधीन है। भारत के छोटानागपुर में बहुत से सीधे-साधे गरीब आदिवासी रहते हैं वहाँ का मिशन बेल्जियम फादरों के अधीन है। भारत के छोटानागपुर में बहुत से सीधे-साधे गरीब आदिवासी रहते हैं वहाँ आप को वहाँ के आदिवासियों की सेवा करने का अच्छा मौका मिलेगा। इन्होंने उनकी बात को मान लिया। उस समय येसु समाजियों को बंगाल मिशन में भेजा जाता था। लीवन्स बुग्ग सेमिनरी के येसु समाज में प्रवेश कर लिया। उन्हें सेमिनरी की शिक्षा के लिए नवशिष्यालय में भेजा गया। लीवन्स येसु समाज के संस्थापक सन्त इग्नातियुस की त्याग और सेवा भावना के अनुरूप अपने को ढालना शुरू किया और एक सच्चा येसु समाजी बना।

इनकी सेवा भावना की प्रबल इच्छा को परखकर इन्हें भारत भेजने में कोई संकोच नहीं हुआ। 22 अक्टुबर 1880 में ब्रुसेल्स में पहला व्रत धारणा कर लिया और 28 अक्टुबर 1880 में आपने नौजवान पाँच साथियों के साथ पानी जहाज में बैठकर 2 दिसम्बर 1880 को वे कोलकत्ता (कोलकाता) पहुँचे। वहाँ के आर्चबिशप गुथौल्स ने इन्हें सन्त जेवियर्स स्कूल में ठहराया। बाद में यह स्कूल सन्त जेवियर्स कॉलेज का रूप ले लिया है। कोन्सटंट लीवन्स सन्त जेवियर्स के दस-बारह बच्चों को पढ़ाया करता था। यहीं वह बंगला भाषा भी सीख लिया। यहाँ पर इनकी नियुक्ति एक वर्ष के लिए थी। विद्यार्थियों से बंगला और हिन्दी भाषा के साथ-साथ यहाँ के लोगों के चाल-चलन, रहन-सहन और धर्म-कर्म को सीख लिया। इनको नयी-नयी चीजों को सीखने की चाह थी। दो वर्षों में ही उन्होंने अपने को हिन्दुस्तानी ढाँचा में ढाल लिया। समय पाकर वह आस-पास के पल्लियों में भी जाकर अनुभव प्राप्त कर लेता था।

धर्माध्यक्ष ने इन्हें थेओलोजी पढ़ने के लिए आसनसोल भेजा। थेओलोजी

की पढ़ाई दो वर्षों की थी। धीरे-धीरे थेओलोजी की इनकी पढ़ाई पूरी होने लगी। इनका पुरोहिताभिषेक कोलकत्ता (कोलकाता) के काथेड्रल में 14 जनवरी 1883 को बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। प्यार के रूप में उनके घर बेल्जियम से भी कुछ पैसे उपहार के रूप में भेजे गये थे। पुरोहिताभिषेक के बाद वह पक्का येसु समाजी, येसु ख्रीस्त के उपदेशों का पालनहारा बना। उनके साम्राज्य को बढ़ाने का संकल्प लिया। येसु ख्रीस्त का पक्का चेला बना। इस समय उनकी उम्र सत्ताइस साल की थी। फादर लीवन्स को आसनसोल से कोलकत्ता (कोलकाता) बुलाया गया। वे सन्त जेवियर्स कॉलेज के निचले क्लास में पढ़ाने लगे। एक साल तक पढ़ाने के बाद इन्हें आखिरी थेओलोजी की पढ़ाई के लिए पुनः आसनसोल भेजा गया। थेओलोजी की पढ़ाई की समाप्ति के बाद इन्हें स्वतंत्र रूप से रानीगंज का पल्ली पुरोहित बनाया गया। यहाँ मात्र 20-21 काथलिक थे। कड़ी मेहनत से इनकी संख्या बढ़ायी। इसी अवधि में सुपीरियर फादर ग्रोजाँ ने कोलकत्ता (कोलकाता) बुलाकर इनको छोटानागपुर के जमगांई पल्ली में जाने का आदेश दिया। कोन्सटंट लीवन्स को पहले से ही छोटानागपुर के आदिवासियों के बीच काम करने की प्रबल इच्छा थी। वह खुशी से फूले नहीं समाया।

फादर लीवन्स के पहले 1764 में अंग्रेजी शासन के होने पर सबसे पहले जर्मन लुथेरन मिशन सन् 1845 में छोटानागपुर के आदिवासियों के बीच ईसाई धर्म प्रचार करने के लिए आया। इन्होंने डोम्बा और गोबिन्दपुर को ईसाई धर्म प्रचार का अड्डा बनाया। पाँच वर्षों तक एक भी ईसाई नहीं बने। सन् 9 जुन 1850 में राँची जिला के हेत्था-कोटा के दो उराँव परिवारों को ईसाई बनाया गया उसके बाद चिता कोना के केशो और बन्धु भगत तथा कंरौदा के पूरन उराँव को ईसाई धर्म में लाया। 24 जनवरी 1855 में जर्मन मिशन का पहला गिरजा घर क्राइस्ट चर्च राँची में बना। इसके बाद लोहरदगा, चट्टी और चाईबासा तथा अन्य जगहों में चर्च स्थापित किये गये। ये कोर्ट केशो में मदद करने लगे जिससे ईसाइयों की संख्या बढ़ी। अभी इस चर्च का विस्तार 12 (बारह) राज्यों मे है।

जर्मन मिशन के बाद काथालिक मिशन के जेसुइट फादर आगस्ट स्टाँकमैन जो बेल्जियम के येसु समाजी थे मिदनापुर से बैलगाड़ी द्वारा 10 जुलाई 1869 में चाईबासा पहुँचे। इन्होंने चाईबासा, बन्दगाँव, सर्वदा, जमगाँई में खेमा गाड़ा। डोरंडा में कैम्प किये हुए फौजियों के लिए एक अलग गिरजा घर बना कर पल्ली बनाया।

1877 में जॉन वैप्टिस्ट जर्मन येसु समाजी भारत आये और 1892 में बन्दगाँव के नव नियुक्त पुरोहित फादर हुए। इसके बाद ये सर्वदा गये। डोरन्डा पल्ली 1877 में बना उसके पुरोहित फादर डेकोक थे।

फादर लीवन्स जो नौजवान हृष्ठ-पुष्ट चतुर चलाक और सोचबुझ वाले व्यक्ति थे। इनको छोटानागपुर के जमगांई पल्ली भेजा गया। सोलह वर्ष के कार्यकाल में करीब 2500 काथलिक ईसाई बन चुके थे। रेल से 200 मील की दूरी तय करके फादर लीवन्स गिरीडीह पहुँचे। उसके आगे रेल लाइनें नहीं थीं। मोटर गाड़ी की सवारी भी नहीं रही। उस समय पुस-पुस ही एक मात्र साधन था जिसको आगे से चार आदमी खींचते थे और चार व्यक्ति पीछे से ढकेलते थे। रास्ते भी सही नहीं थे। रास्ते उबड़-खबड़ और नदी-नालों तथा जंगल-पहाड़ों से भरे थे। रास्ता अत्यन्त भयावाह था, जहाँ बाघ-भालू की आवाज आती थी। ऐसे दुर्गम रास्ते से होकर भाया बरही 62 किलोमिटर की दूरी तय करके फादर लीवन्स 16 मार्च 1885 के एक बजे रात में हजारीबाग पहुँचे। रात के समय जंगली जानवरों से बचने के लिए पुस-पुसवाले जोर-जोर से हल्ला करते थे। पुस-पुस गाड़ी चलाने वालों के लिए ठहराव की जगह निश्चित थी जहाँ ये अदल-बदल होते थे। फादर लीवन्स पुस-पुस में कभी जागते और सोते थे। रात के समय जंगली जानवरों के शोर-गुल से भयभीत भी होते थे, पर उत्साहित नौजवान को इसका कोई गम नहीं होता था। जो भी दिक्कत हुई पर ये अपने निश्चित जगह पर पहुँच गये। हजारीबाग में 16 मार्च 1885 से दो दिन लोरेटो के सिस्टरों के यहाँ ठहर कर उनके चलाये जाने वाले कार्यों को देखा और वहाँ आराम किया। तीसरे दिन उसी पुस-पुस की सवारी से टेढ़ी-मेढ़ही रामगढ़ घाटी को पार किया छकड़ा गाड़ी चलाने वाले सामने रात में बत्ती जलाये रखते थे ताकि जंगली जानवर रास्ते से हट जाये। फादर लीवन्स 19 मार्च 1885 के बड़े तड़के सुबह डोरन्डा पहुँचने वाला था लेकिन वहाँ पहुँचने तक में अंधियाली ही थी। डोरन्डा पारिस पहुँच कर उन्होंने फादर के दरवाजे को खटखटाया, तो एक बूढ़े फादर करीब 70 वर्ष की आयु वाले मोमबत्ती का उँजियाला दिखाकर फादर लीवन्स का हाथ मिलाकर स्वागत किया और घर के अन्दर लेकर बैठाया। उन्हें स्वरूचि खाना खिलाया। उस बूढ़े फादर का नाम सपार था। रात में वहीं आराम किया। फादर सपार ने उनके जमगांई जाने के लिए एक घोड़े को तैनात रखा था। जंगलों-पहाड़ों को पारा करते हुए डोरन्डा से नौ मील में स्थित जमगांई

पहुँचा। जमगांई में फादर डेकांक पदस्थापित था। फादर लीवन्स जमगांई के क्षेत्रों का निरीक्षण घूम-घूम कर किया और वहाँ के आदमियों की मुंडारी भाषा और रहन-सहन को ध्यान लगा कर देखा। मुंडा लोग न हिन्दी न बंगला ही समझ पाते थे। वे केवल मुंडारी भाषा ही बोलते और समझते थे। फादर लीवन्स को मुंडारी भाषा की जानकारी कोलकत्ता (कोलकाता) में ही हुई थी। वे टूटी-फूटी भाषा में मुंडारी बोलते और समझ लेते थे। 1885 के अन्त में जमगांई को दो भागों में बाँट दिया गया। दक्षिणी-पश्चिमी भाग को फादर सपार के अधीन दिया गया। जमगांई के बचे भाग की देख-रेख फादर कोन्सटंट रात-दिन घूम-घूमकर चारों दिशाओं में खीस्त की ज्योति जगाता था। सन् 1885 के अगस्त महीने तक में अपने इलाके का स्वतंत्र भार सम्भाल लिया। उसने कान्ति गाँव को भी जाकर देख लिया जहाँ टूटा-फूटा गिरजा बना था। नदी-नालों तथा खेतों में वह घोड़े को लेकर पैदल ही चलता था। वह झम-झम वर्षा पानी और बिजली की चमक और बादल की कड़क के समय पेड़ के ओसारे में खड़ा रहता था। उनको अधिक से अधिक ईसाई बनाने की धुन थी चाहे जैसा भी हो। वे अपने शरीर की परवाह नहीं करते थे।

तोरपा में फादर लीवन्स की दोस्ती वहाँ के दरोगा से हुई जिससे फादर को बड़ी मदद मिली। उन्होंने अपना मुख्यालय जमगांई को छोड़कर तोरपा में रखा। वह चालाक-चतुर था। वह प्रशासन की आड़ में रहकर धर्म प्रचार करना चाहता था। दरोगा अपने ही कैम्पस में डेरा बनवा दिया एक भाग में छोटा-सा चर्च भी बनवाया। तोरपा के दरोगा ने उनके भ्रमण के लिए एक घोड़ा भी दे दिया। इन्होंने ही ईसाई बनाने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने फादर लीवन्स से कहा कि आप के घूमने और धर्म प्रचार करने से लोग ईसाई नहीं बनेंगे। आप को उनके दुःख-तकलीफों में साथ देना होगा, उनकी मदद करनी होगी। उन पर लगे मुकद्दमों में पैसा खर्च करके पैरवी करनी है। जमीनदारों और ठीकेदारों ने उनके जमीन-जायदाद को लूट लिया है, इसे वापस कराना होगा। आदिवासी लोग सरकारी पदाधिकारियों की मनमानी कार्य से भी त्रस्त हैं। सूद खोरों के सूद से भी दबे हुए हैं। सूद चूका नहीं सकने से उनकी खेती और खेत को हड़प लेते हैं। आप के इस दिशा निर्देश से काम करने पर वे स्वयं ईसाई बन जायेंगे। आप को उन्हें ढूँढना नहीं पड़ेगा। उनकी समस्या हल हो जायेगी तो वे ईसाई बनकर धर्म का प्रचार करेंगे। इस प्रकार ईसाइयों की संख्या बढ़ेगी।

फादर लीवन्स, दारोगा के दिये मूल मन्त्र पर ही चलना शुरू किया। सर्व

प्रथम उन्होंने सरना समाज से निकाले लोगों को ईसाई बनाया, साथ ही साथ जर्मन मिशन के लोगों को काथलिक धर्म में लाया। ये दोनों तरह के लोग इनके प्रचारक बने और सरना धर्म की कमजोरियों से फादर लीवन्स को अवगत कराया। ये फादर लीवन्स के चमचे और सलाहकार बन गये। वे घूम-घूम कर आदिवासियों की समस्याओं और लाचारी का पता लगाकर लोगों को फादर लीवन्स के पास लाते थे। फादर लीवन्स उनकी मदद कर ईसाई बनाने लगा। ये लोगों के बीच फादर लीवन्स का गुण-गान करने लगे। वे कहने लगे कि फादर लीवन्स ही आदिवासियों का उद्धार कर सकता है।

समस्याओं में कोर्ट केश की पैरवी को मुख्य मुद्दा माना। इसी के द्वारा जमीनदारों, ठीकेदारों और सूदखोरों द्वारा हड़प्पी जमीन की वापसी हो सकती है। उन्होंने कानूनी धाराओं का अध्ययन किया। वह आदिवासियों के केशों में खड़ा होकर जिरह और बहस करने लगा। केश में मिशन की ओर से पैसे की भी मदद करता था। केश का फैसला आदिवासियों के पक्ष में होने लगी। परिवार के परिवार और गाँव के गाँव लोग ईसाई बनने लगे। इन्होंने जमीनदारों के बेठ-बेगारी पर भी अड़चन डाला। इससे ईसाइयों का खेमा खड़ा होकर जमीनदारों और ठीकेदारों के विरूद्ध हो गया। जमीनदारों की सुविधा छीनी गई। ये बौखला उठे। सूझ-बुझ रखने वाला फादर लीवन्स ऐसे समय में आदिवासियों के बीच आया जिस समय जमीनदार और ठीकेदार हरेक तरह से इन आदिवासियों को परेशान कर रहे थे। यही काथलिक धर्म में अधिक से अधिक आने का मुख्य कारण था।

तोरपा में सफलता
(1885 से 1888 तक)

फादर लीवन्स का डेरा तोरपा के दरोगा के कैम्पस में था। लीवन्स दरोगा की सलाह के मुताबिक कोर्ट केश में पैरवी करने को मुख्य मुद्दा बनाया और क्षेत्र की जानकारी के लिए समाज से निकाले गये सरना समाज के लागों तथा जर्मन मिशन के लोगों को काथलिक धर्म में लाना शुरू किया। कुछ ही समय में काथलिक ईसाइयों की संख्या 50 से 300 तक की हो गई। 23 दिसम्बर 1885 को बेल्जियम के प्रोभिन्सियल कोलकत्ता पहुँचे और कोलकत्ता के सुपीरियर फादर ग्रोजाँ को लेकर तोरपा आये। फादर लीवन्स ने तोरपा के बने काथलिक ईसाइयों की जानकारी दी, साथ ही साथ अपने लिए आवास और चर्च बनाने की जिज्ञासा की। उन्होंने आवास और चर्च बनाने वाले जमीन को भी दिखाया। फादर लीवन्स के उत्साह पर प्रभावित होकर प्रोभिन्सियल फादर ने 500 (पाँच सौ) रूपये मदद स्वरूप दिये। उन्होंने ख्रीस्तमस के समय उन्हें राँची बुलाकर उनके आवास और चर्च के लिए पैसे का जोगाड़ कर उन्हें उत्साहित किया।

फादर लीवन्स इन पैसों से अपना आवास, चर्च के लिए एक बड़ा कमरा और स्कूल के लिए दो छोटे-छोटे कमरे बनवाये। अब वह अपने आवास, गिरजा और स्कूल के लिए इत्मीनान हो गया। उनकी जो चिन्ता थी वह मिट गई। अब वह लोगों की सेवा और इसी के मारफत ईसाई बनाना शुरू किया। वह लोगों के जमीन सम्बन्धी शिकायतों पर अध्ययन करता था। केश से सम्बन्धित कानून का मनन करता था। और जज से अनुमति लेकर कोर्ट में स्वयं बहस और जिरह करने लगा। केशों में आदिवासियों की डिग्री होने लगी। आदिवासी फादर लीवन्स के इस प्रकार की मदद को देखकर केशों से पीड़ित लोग दल के दल फादर लीवन्स के डेरे में आने लगे। वह उनके केशों का अध्ययन करके कोर्ट में केश कराने लगा। वह कोर्ट में बहस और जिरह करके केश को जीतवा लेता था। इसी पर वह उनके परिवार के लोगों को ईसाई बना लेता था। इस प्रकार फादर लीवन्स को ईसाई बनाने का सुनहाला अवसर मिल जाता था। लोग केश मुकद्दमों के सम्बन्ध में दिन-रात झुंड के झुंड सलाह लेने के लिए फादर लीवन्स के डेरे में आने लगे। इस प्रकार फादर लीवन्स ने आदिवासियों का दिल मोह लिया। काथलिक ईसाइयों की संख्या बढ़ती

गई। हजारों-हजार की संख्या में आदिवासी ईसाई बनने लगे। इस प्रकार धर्म परिवर्तन तोरपा क्षेत्र में भारी संख्या में हुआ।

आदिवासियों के ईसाई बनने से जमीनदारों और ठीकेदारों को भारी क्षोभ हुआ। आदिवासी जो ईसाई बन गये उनका एक गुट बना जो फादर लीवन्स के संचालन में था। वे जमीनदारों का काम करना और बेठ-बेगारी करना भी छोड़ दिये और जमीनदारों के बिरूद्ध खड़े हो गये। इस प्रकार इनकी सुविधा छीनी गई। ये फादर लीवन्स के बिरूद्ध बौखला उठे और कहा कि फादर लीवन्स क्षेत्रों में विद्रोह करवा रहे हैं। वह जर्मन मिशन के लोगों को काथलिकों की जनसंख्या बढ़ने के लिए अपने समूह में लाने लगा। ये भी तो येसु ख्रीस्त के अनुनायी थे। ऐसा करने से रोकने के लिए जर्मन मिशन के फादर नोट्रोट फादर लीवन्स से उलझ गये। आपस में तू तू मैं होने लगी लेकिन फादर लीवन्स ने ऐसा करना नहीं छोड़ा और जर्मन मिशन के ईसाइयों को वह काथलिक दल में लाता ही गया। काथलिकों की संख्या और क्षेत्र भी बढ़ गया। इनकी देख-रेख में इनको दिक्कत होने लगी इसलिए इन्होंने एक घोड़ा खरीदा ओर इसका नाम पुलिस रखा। यह दिखाने के लिए कि यह घोड़ा पुलिस का है। नाम सुनकर इनके दुंश्मन डरेंगे। ईसाई बनाने के लिए इन्होंने 15 प्राइमरी स्कूल खोला। पढ़ाई करना तो केवल अक्षर का ज्ञान था। भीतर से तो गुढ़ मतलब ईसाई बनाना था। वह इसी पुलिस घोड़े पर चढ़ कर क्षेत्र का भ्रमण करता था। क्षेत्र भ्रमण के बाद बेल्जियम और अपने सुपीरियर के पास पत्र लिखता है कि इस भ्रमण के समय मैंने 1000 (एक हजार) लोगों को काथलिक बनाया। वह प्रतिदिन का रोजमर्रा लिखता था और अपने उच्च पदाधिकारियों को अवगत कराता था। एक साल के अन्दर में अर्थात् 1886 में 86 गाँव के 2500 लोग काथलिक धर्म में आये हैं।

फादर लीवन्स ने अपने सुपीरियर फादर ग्रोजाँ के पास पत्र लिखा कि मुझ से अकेला मिशन का प्रचार एवं देख-रेख का काम हो नहीं पा रहा है शीघ्र एक सहायक फादर भेज दें। फादर ग्रोजाँ ने फादर लीवन्स की मदद के लिए फादर गेंगलर को तोरपा भेज दिया। इसके बाद फादर डेस्मेट भी तोरपा आकर काम करने लगे। फादर डेस्मेट और फादर लीवन्स बेल्जियम में सहपाठी थे। वे साथ-साथ पढ़ते थे। फादर डेस्मेट दिसम्बर माह में तोरपा आये और काम के बोझ से अप्रील महीने में बीमार पड़ गये। इन्हें राँची बुलाकर स्वास्थ्य लाभ के लिए हिल स्टेशन भेज दिया गया। अब फादर लीवन्स पर काम का बोझ पड़ गया। लीवन्स ने फिर पत्र लिखा,

इस पर दो नौजवान येसु समाजी फादर कॉजेट और फादर सीट्स को तोरपा भेजा गया। ये तोरपा क्षेत्र के गाँव-गाँव में जा-जाकर प्रेरिताई करने लगे। ये चार गाँवों में 500 लोगों को बपतिस्मा दिये। प्रचारक 400 गाँवों में प्रचार का काम कर रहे हैं। यहाँ 10,000 ईसाई काथलिक हैं और 30 स्कूल भी चल रहे हैं। समूचा छोटानागपुर को मैं काथलिक बनाना चाहता हूँ। मुझे मेहनत करना है। फादर कॉजेट और फादर सीट्स वर्षा-पानी में घूम-घूम कर लोगों को बपतिस्मा देने लगे। बरसात का समय था तोरपा लौटते समय जोरों की बारिश होने लगी। फादर कॉजेट घोड़े के साथ नदी के उस पार ही रह गये। फादर सीट्स बारिश में भींजते हुए किसी प्रकार तोरपा पहुँच गये। फादर कॉजेट घोड़े पर चढ़कर नदी पार कर रहे थे उसी समय घोड़े के पैर फिसल गये जिसके कारण वे नदी में गिर पड़े। चोट तो नहीं लगी। वह किसी तरह घोड़े पर चढ़ कर तोरपा पहुँच गया। बारिश से भींगने और नदी के पानी में गिरने से फादर कॉजेट को तेज बुखार चढ़ गया। फादर लीवन्स ने इन्हें दवा-दारू के लिए राँची पहुँचा दिया। राँची में सेवा-श्रुषा किया गया फिर भी वह बच नहीं सका। 25 सितम्बर को दम तोड़ दिया इन्हें डोरंडा के कब्रस्थान में दफना दिया गया। फादर सीट्स को भी मलेरिया का तेज बुखार था इसलिए वह तोरपा लौट नहीं पाया। फादर डेस्मेट अकेला ही तोरपा लौटा और वहाँ के ख्रीस्तीय काम को सम्भाले रखा। फादर लीवन्स ने क्षेत्र के कामों को संभालने के लिए फादरों की माँग की। फादर गुथौल्स ने प्रोभिन्सियल के पास पत्र लिखकर जल्द फादरों को भेजने का आग्रह किया। पत्र पाते ही उन्होंने तीन नये फादरों और एक ले. ब्रदर को लीवन्स की सहायता के लिए तोरपा भेज दिया। इस प्रकार लीवन्स के निर्देशन में तीन फादर और एक ले. ब्रदर काम करने लगे। तीन आये नये फादरों में लुइस हँगेन बेक को दिघिया, फादर होयगे को डोड़मा और फादर डेस्मेट को तेतरा का प्रभार दिया गया और ले. ब्रदर कोरेमन्स को जहाँ गिरजा और स्कूल घर बनाना था, वहाँ इनको भेजा जाता था। इस प्रकार फादर लीवन्स की ही चलती थी। वही समूचे क्षेत्र के लिए योजना बनाता था। फादर और पैसे कोलकत्ते से भेजे जाते थे। पैसे रोम से बेल्जियम और बेल्जियम से कोलकत्ता आते थे। जरूरत के मुताबिक और भी पैसे छोटानागपुर में स्कीम के मुताबिक आता था।

1886 में छोटानागपुर में सरकार का प्रशासन हेडक्वाटर लोहरदगा से राँची आ गया था। फादर मोतेत ने राँची में 50 एकड़ कैशर हिन्द की जमीन को

सरकार से लीज में लिया। इसलिए फादर लीवन्स तोरपा में न रहकर मनरेसा हाऊस ही में रहते थे। यहीं से ये समूचे छोटानागपुर का कार्य देखते थे। जैसे वे तोरपा में रहकर मुकद्दमों के केसों की पैरवी करते थे वैसे ही मनरेसा हाऊस में रहकर जरूरतमन्द लोगों से मिलते और राँची के कोर्ट में उनके केसों को देखते थे। केसों के खर्चों को मिशन वहन करती थी। बाकी समय में ये मनरेसा हाऊस में रहकर ही समूचा कार्य करते थे। बीच-बीच में क्षेत्रों का दौरा करते थे। बन्दगाँव में फादर फीरेन्स पदस्थापित थे इन्हें फादर स्टाकमैन जो अति बूढ़े थे, की मदद के लिए इन्हें चाईबासा भेज दिया गया। चतुर्भुज स्टेशनों को मिलाकर एक नया स्टेशन बनाया गया था उसका संचालन फादर मुलेन्डर करने लगे। सरवदा के फादर डेस्मेट को फादर लीवन्स की मदद के लिए तोरपा भेज दिये गये। फादर लीवन्स अपना अधिकांश समय बंगले के बरामदे में ही बैठकर बाहर से आये लोगों की बातों को सुनकर नोट करने में ही बिताते थे। सन् 1887 में तोरपा क्षेत्र में पचास धर्म प्रचारक और इतने ही स्कूल मास्टर थे। इनके खर्च का वाहन मिशन करता था। सन् 1887 के अन्त तक में सात और मिशन के सर्कल पूरे हो गये। ये थे वामिनी, डेकेला, डोड़मा, दुमंदिरी, लापा, मंरगहदा और सोदे।

11 जून को सुपीरियर फादर ग्रोजाँ दौरे पर राँची आये। उन्हें लेकर फादर लीवन्स दिघिया, तोरपा, बसिया (तेतरा) डोड़मा, बन्दगाँव और चाईबासा गये। फादर सुपीरियर को वहाँ की प्रगति से अवगत कराया। इस लम्बे-चौड़े क्षेत्र तथा ईसाइयों की बढ़ती संख्या के लिए फादर लीवन्स ने एक अलग डिस्ट्रिक सुपीरियर की माँग की। कोलकत्ता लौटने के पहले फादर ग्रोजाँ ने मनरेसा हाउस के सुपीरियर फादर मोतेत को डिस्ट्रिक सुपीरियर और फादर लीवन्स को डिस्ट्रिक डाइरेक्टर नियुक्त किया। आर्च बिशप गुथौल्स ने ग्रोजाँ की नियुक्ति आदेश की सम्पुष्टि की और इनके शासन और विशेष अधिकारों की सीमा निर्धारित कर दी। फादर लीवन्स का मुख्यालय राँची रहेगा। ये यहीं से समूचे छोटानागपुर के मिशन के कार्यों की देख-रेख करेंगे। आदेश तुरंत लागू हुआ।

1 अगस्त 1888 को फादर लीवन्स छोटानागपुर के डायरेक्टर बने। उस समय काथलिक ईसाइयों की संख्या 11,291 थी। सब मिलाकर 7139 गाँवों में 50,351 व्यक्ति थे। इनके बीच 189 प्रचारक काम कर रहे थे। उस समय 95 गिरजाघर और 77 स्कूल थे। इतने बड़े काथलिक क्षेत्र और काथलिकों के बीच मात्र

पाँच पुरोहित थे। तोरपा में 45,000 काथलिक ईसाई थे। चतुर्भज स्टेशनों, बन्दगाँव, सरवदा, चाईबासा तथा दिघिया में 1200 काथलिकों की संख्या थी। इनमें तोरपा मिशन सबसे बड़ा था, इसलिए आर्च बिशप ने तारेपा को चार भागों में बाँट दिया। ये हैं- तोरपा, कर्रा, डोड़मा और तेतरा। उस समय कर्रा में 1910 बपतिस्मा प्राप्त लोग और 50000 नवविद्यार्थी थे। डोड़मा में बपतिस्तमा प्राप्त लोग 2326 और 2263 विद्यार्थी तथा तेतरा में 295 बपतिस्मा प्राप्त लोग तथा 1000 विद्यार्थी थे। इन सबकी देख-रेख फादर लीवन्स करते थे। फादर मोतेत डिस्ट्रिक्ट सुपीरियर की हैसियरत से राँची के मनरेसा हाऊस में दो बड़े-बड़े हाल, डेरा, स्कूल और गिरजा घर बनवाये। फादर लीवन्स इसी मनरेसा हाऊस में रहकर दूर-दूर से आये लोगों से मिलते और उनके मुकद्दमों की पैरबी करते और लोगों को ईसाई बनाते थे। सारे उराँव क्षेत्र में फादर लीवन्स का नाम फैलने लगा। लोग फादर लीवन्स-लीवन्स कहने लगे।

फादर लीवन्स जब डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर हुए तो उन्होंने सर्वप्रथम प्रचारकों को क्षेत्र में काम करने के लिए प्रशिक्षण देना शुरू किया। उन्होंने दिघिया, तोरपा, डोड़मा, सरवदा और तेतरा के प्रचारकों को प्रशिक्षण के लिए राँची के मनरेसा हाऊस में बुलाया और प्रशिक्षण के द्वारा क्षेत्र में काम करने का तरीका बतलाया। फादर लीवन्स स्वयं प्रशिक्षण देते थे। यहाँ आये बपस्तिमा प्राप्त लोगों की संख्या जुलाई 1888 में 430 हो गई। फिर फादर मोतेत ने राँची में 250 लोगों को बपतिस्मा दिया। सन् 1888 में फादर लीवन्स घोड़े पर सवार होकर तेतरा गया। वहाँ फादर डेस्मेट 10,000 लोगों को प्रचारकों द्वारा धर्म शिक्षा दिला रहा था। फादर लीवन्स कोयल नदी से उस पार दो सप्ताह तक रह कर 1300 लोगों को बपस्तिमा दिया। वहाँ के जमीनदार ने खेतों में काम नहीं करने वाले लागों में एक को मार डाला। फादर लीवन्स ने जमीनदार पर मुकद्दमा चलवाया। जमीनदार को राँची कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें सजा के रूप में 6000 रू. जुर्माना देना पड़ा तथा केस देखने वाले पालकोट के दारोगा को नौकरी से बर्खास्त करवाया गया।

दिघिया पारिश
(1886 से 1893 तक और उसके बाद)

ग्राम दिघिया में 1886 ही में मिशन स्टेशन बना था। दिघिया मिशन उराँव क्षेत्र का मुख्यालय था। इस पारिश के अन्दर में मांडर, लोहरदगा, चैनपुर, महुवाडाँड़, बीरू, बरवे का सारा क्षेत्र तथा सुरगुजा, जशपुर, गांगपुर भी आता था। फादर डीकोक दिघिया मिशन के प्रथम पारिश प्रीस्ट थे उसके बाद लुईस हगेनबेक यहाँ के फादर हुए। फादर लीवन्स और ये दिन-रात दिघिया बस्ती में ईसाई बनाने के लिए घर-घर घूमते थे लेकिन फादर लीवन्स के कार्यकाल में एक भी इस गाँव के उराँव ईसाई नहीं बने। काथलिक मिशन के 45 वर्ष पूर्व से ही जर्मन मिशन के पादरी दिघिया बस्ती में घर-घर जाकर धर्म प्रचार करते थे, लेकिन एक भी व्यक्ति ईसाई नहीं बना। यह मौजा रातू महाराजा के अधीन था। यहाँ किसी भी प्रकार का जमीनदारी रोब-दाब नहीं रहा। गाँव महतों और पहानों के शासन में संगाठित था। ये अपने धर्मों में डटे हुए थे। गाँव शान्त और सम्पन्न था।

फादर लीवन्स जून 1888 में तोरपा को छोड़कर राँची आये। राँची मनरेसा हाऊस को मुख्यालय बनाया। यहीं से दिघिया मिशन क्षेत्र में काथलिक धर्म प्रचार करने का चिराग जलाकर बिगुल बजाया। फादर लुईस हगेनबेक ने अपने क्षेत्र के सभी प्रचारको को प्रशिक्षण के लिए फादर लीवन्स के मनरेसा हाऊस में भेजा। फादर लीवन्स ने तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिया और पुरन प्रसाद की अगुवाई में अपने चुने-चुने मंजे प्रचारकों को दिघिया मिशन के उराँव क्षेत्रों में भेजा। पुरन प्रसाद उराँव नहीं थे परन्तु उराँव क्षेत्र में इनका काफी प्रभाव था। वह हाल के चान्हों प्रखण्ड के रघुनाथपुर का रहनेवाला था। पुरान प्रसाद उराँव नहीं थे परन्तु राँची कोर्ट में मुंशी का काम करता थे। फादर लीवन्स का सम्पर्क पुरान प्रसाद से राँची कोर्ट में केसों की पैरवी के दौरान हुआ। फादर लीवन्स ने इनको कोर्ट का कार्य छोड़वा कर इन्हें काथलिक ईसाई बना लिया और 50 रू. प्रतिमाह देकर प्रचारक का काम सौंपा। शुरू में इसने जर्मन मिशन के ईसाइयों तथा सरना समाज से निष्कासित लोगों को फादर लीवन्स के पास लाया और रोमन काथलिक में बपतिस्मा दिलाया इन्होंने ईसाई बनाने में फादर लीवन्स को तोरपा के दरोगा जैसा मदद किया। कर्मठ प्रचारकों में पुरन प्रसाद, मार्टिन बड़ा, बुद्धू लोहार, मोरिश-गंगा और तोरपा क्षेत्र में

कार्य किये चुने-चुने कर्मठ प्रचारकों के साथ बहुत से अन्य प्रचारकों को सारे उराँव क्षेत्रों में प्रचार करने के लिए भेजा। वे प्रचार करते और फादर लीवन्स के तारणहार होने का डंका पीटते थे। पुरान प्रसाद ने फादर लीवन्स से कहा कि उनके गाँव और आस-पास के प्रोटेस्टेन्ट काथलिक बनना चाहते हैं। उन्होंने दिघिया के फादर हगेनबेक को अपने गाँव रघुनाथपुर ले गया और अपने गाँव के लोगों के बीच धर्म प्रचार के सम्बन्ध में बात-चीत कराया।

3 जून को फादर लीवन्स की अध्यक्षता में बैठक हुई करीब चालीस-पचास गाँवों के महतो और मुखिया भाग लिए। पुरान प्रसाद और फादर हगेनबेक जनकपुर पुलडीह, पकना और लुंडरी गये। वहाँ धर्म प्रचार करने के बाद फादर हगेनबेक दिघिया लौट गये। दिघिया मिशन क्षेत्र में प्रचारकों की संख्या करीब चालीस-पचास कर दी गई। फादर लीवन्स भी दो सप्ताह तक इस काम में लग गये। फादर ग्रोजाँ को छोटानागपुर की खबर मिलती रहती थी। फादर लीवन्स कोयल नदी पार जाकर 1300 लोगों को ईसाई बनाया तथा एक ही दिन में 650 स्त्री, बच्चे और पुरुषों को बपतिस्मा दिया। प्रचारक धर्म शिक्षा देकर तैयार रखते थे। फादर लीवन्स उन तैयार रहे लोगों को बपतिस्मा देकर ईसाई बनाता था। ये काथलिक ईसाई जमीनदारों के विरोधी बन जाते और उनका कहना नहीं मानते थें वे जमीनदारों को मालगुजारी देना भी बन्द कर दिये। रैयतों को जमीनदरों से डर था। फादर लीवन्स ने जन आन्दोलन चलाया। ईसाइयों की संख्या बढ़ती गई।

सन्त पापा लेओ तेरहवें ने खुश में येसुइट जेनेरल के मारफ 10,000 बेल्जियम फ्रैक दिये और येसु संघी कार्डिनल फ्रासेंलिन ने 5000 फ्रैंक भेंट की जिससे फादर लीवन्स बम-बम हो गये। धर्म प्रचार के लिए और चार घोड़े खरीदे गये। पुरोहितों की कमी थी लेकिन नवम्बर 1888 में दो पुरोहित भेजे गये। अनुदानों से प्रचारकों के वेतन दिये गये तथा गिरजा घर बने। फिर दो खेपों में बारह पुरोहित और दो ब्रदर आये। मिशन डाइरेक्टर की मदद के लिए फादर कार्डों, डेहों और लौंरेट आये। इस प्रकार लोहरदगा मिशन में सात फादर काम कर रहे थे।

कुछ दिनों के बाद फादर लीवन्स घोड़े में चढ़ कर पुरूलिया गये। वहाँ उन्होंने संथालियों के लिए काथलिक समुदाय स्थापित किया। 25 मई 1889 में फादर लीवन्स ने बरवें से आये 42 लोगों को बपतिस्मा दिया। इन्होंने दिघिया बनपुर, दोब्बा, लोहरदगा, कुसुम्बा, सिंगराऊली और काठचाचो के आये लोगों को बपतिस्मा

दिया। शीघ्र ही बरवे, पनारी, नवागढ़ और बीरू से दल के दल लोग अपने-अपने केसों को सुलझाने और ईसाई बनने के लए आने लगे। प्रचारक लोगों को लीवन्स के पास बपतिस्मा के लिए भेजते थे मार्च 1889 में फादर ग्रोजाँ ने छोटनागपुर का दौरा किया। 10 मार्च 1889 में दोनों दिघिया गये। वहाँ दिघिया के पारिश फादर हगेनबेक से भेंट कर ईसाइयों की प्रगति पर बिचार-विमर्श करने के बाद लोहरदगा के लिए प्रस्थान किये। वहाँ से टोटो, पालकोट होते हुए तेतरा-नवाटोली की हाल-चाल ली। नवाटोली से आगे जाकर बसिया और सालेगुट को देखते हुए तोरपा पहुँचे। 17 मार्च 1889 को तोरपा के बने, नये गिरजा घर को आशीष दी। तोरपा के नये गिरजा घर को बनाने में 3,000 रूपये लगे। फादर ग्रोजाँ राँची होते हुए कलकत्ता लौट गये। फादर लीवन्स के हाथ में छोटानागपुर की बागडोर थी। फादर लीवन्स ने गंगापुर, जशपुर और सुरगुजा में भी प्रचारकों को भेजा था। ये फादर लीवन्स की महिमा गाते थे, इसलिए वहाँ से भी लोग अपना-अपना केस लेकर फादर लीवन्स के पास दल के दल आकर ईसाई बनने लगे। फादर लीवन्स को केसों की पैरवी कर ईसाई बनाना मुख्य मुद्दा था।

जुलाई से नवम्बर तक फादर लीवन्स राँची के आस-पास और लोहरदगा तक के क्षेत्रों का दौरा करते रहे। इसी अवसर पर इन्होंने 322 बच्चों और लोगों को बपतिस्मा दिया। एक दिन वे दौरे में मुड़मा होकर जा रहे थे। उस समय एक औरत चिल्ला-चिल्ला कर कह रही थी - फादर मेरे पति को बचाइये नहीं तो गाँव के लोग उन्हें मार डालेंगे। यह केस जाहेर-बरगड़ी का था। फादर उन्हें लेकर वहाँ पहुँचे तब लोगों ने कहा कि चाप्पा उराँव मिशन बनकर गाँव के देवी-देवताओं को अपमानित किया। इन्हें बकरा और मुर्गी बलिदान चढ़ाने के लिए कहा गया जिसको उन्होंने नहीं किया। इसलिए गाँव वालों ने दोनों को घेर लिया और मारने को दौड़ा दिया। मामले को गड़बड़ देखकर चप्पा उराँव को लेकर फादर लीवन्स घोड़े पर झटपट चढ़ कर भाग गया। यहीं पर सरना वालों ने लीवन्स का विरोध किया था।

मुड़मा आदिवासियों के नियम-कानून के बनाने और उराँव समाज के संगठनों को मजबूत करने की जगह है। यहाँ साल में एक बैठक आश्विन महीने की पुर्णिमा में हुआ करती है। इस बैठक में जाहेर-बरगड़ी मुख्य रोल अदा करता है इसलिए इस गाँव के संगठन को तोड़ने और सत्यानाश करने के लिए जर्मन, रोमन, अंग्रेजी तथा अलेलुया मिशन ने ताबड़-तोड़ पैसा खर्च किया। यहाँ चारों के चार

गिरजा घर हैं। गाँव करीब हजार उराँव परिवारों का है। गिरजा घर सरना धर्म के देवस्थलों पर भी बना दिया गया है। यह जुल्म समाज विरोधी था। ऐसा जुल्म होने पर भी अभी पचास प्रतिशत सरना धर्म को मानने वाले उस गाँव में बच गये हैं। यह सरना धर्म को कुचल कर ईसाई धर्म को फैलाने की नीति रही।

राँची के निकटवर्ती गाँवों के दौरे के बाद फादर लीवन्स और हगेनबेक ने पनारी और नवागढ़ की यात्रा की। इस दौरान दोनों मिलकर 2,888 लोगों को ईसाई बनाया। इन्होंने तिलसिरी पोड़हा, सुलुआ, सोगड़ा, कसादमोस, करौंदाजोर अंम्बेरा, पंडरिया, लखिया, बदौउली, सिसई, कटरा सरगाँव और डोम्बा का दौरा किया। दिघिया पनारी और नवागढ़ क्षेत्र का दौरा सितम्बर में समाप्त हुआ। फादर लीवन्स 1889 में राँची मनरेसा हाऊस लौट गये।

फादर लीवन्स बीरू के लिए निकलने वाले थे उसी समय बीरू के फादर बुखार से काँपते हुए राँची पहुँचे। उन्होंने उनके जल्दी चंगा होने की उम्मीद नहीं देखी। इसलिए उन्होंने अपने बीरू दौरे को स्थगित नहीं किया और उनके सहयोगी फादर डेहों को लेकर बीरू का सारा क्षेत्र छान लिया। जमीनदार के ताव को देखकर वहाँ किसी को ईसाई नहीं बनाया वहाँ के 800 परिवार तेतरा जाकर बपतिस्मा ले लिए। जमीनदार, प्रचारकों और काथलिकों को परेशान करते थे। जमीनदार प्रचारकों को मार भगाते थे। इस प्रकार वहाँ की अजीब स्थिति देखकर वे राँची वापस आ गये। उसके बाद तीन प्रचारकों को धर्म प्रचार करने के लिए बीरू भेज दिया। मोरिश-गंगा जो साहसी और हठा-कट्ठा प्रचारक था, उसने नये बने ईसाइयों का एक संगठन बनाया और क्षेत्र में धर्म प्रचार करने लगा। नये बने ईसाई लोगों को प्रचारक गंगा के कारण हिम्मत बढ़ा।

बरवे की पहली यात्रा
(16 अक्टुबर 1889 से नवम्बर 1889 तक)

फादर लीवन्स ने अपने प्रचारकों को पूर्व में ही धर्म प्रचार के लिए बरवे भेजा था। वे वहाँ जोर-शोर से काम कर रहे थे। बरवे के बहुत से उराँव जमीन के मुकद्दमों में आकर राँची में बपतिस्मा लिए हुए थे। लोहरदगा के कुछ क्षेत्रों को मिलाकर बरवे की आबादी करीब 35,000 थी।

16 अक्टूबर 1889 में अपने घोड़े जेनेरल में सवार होकर फादर लीवन्स जंगलों-पहाड़ों को पार करते हुए 30 घंटे में बरवे पहुँचे। मिशन का प्रवेश बरवे में पहले नहीं हुआ था। यही उनका यह पहला मौका था। बरवे के लोग एक वर्ष पहले अदालती मामलों में राँची आये थे और फादर लीवन्स की पैरवी से जमीन के केसों में जीत कर ईसाई काथलिक बन गये थे। इस प्रकार सैकड़ों बपतिस्मा लिए हुए उराँव काथलिकों से फादर लीवन्स की भेंट बरवे में हो गई। अब तो खुशी का ठिकाना नहीं! केस-मुकदमा जीते लोगों ने प्रोपोगन्डा किया कि फादर लीवन्स अदालती केसों में पैरवी करके केस को जीतवाते और केसों का सारा खर्च वहन करते हैं। ये सही में मदद करने वाले हैं। इसका प्रोपोगन्डा समूचे बरवे में फैल गया। इन्होंने प्रोटेस्टैन्ट से काथलिक बने प्रचारकों को बरवे भेजा। ये 180 मील दूर से दल के दल केस की पैरवी कराने के लिए राँची आने लगे। ये यहाँ आकर ईसाई बन जाते थे। फादर लीवन्स अपने नौकर बारथे और ब्रिटिश सेना के सेवा निवृत सार्जेंट यंग को बरवे साथ ले गये थे। 1889 अक्टूबर के अन्त तक में 3071 लोगों को ईसाई बना लिया। उन्होंने फादर मोतेत को चिट्ठी लिखा कि मैंने एक ही दिन में 1357 लोगों को बपतिस्मा दिया। 7 नवम्बर को फिर फादर मोतेत के पास पत्र लिखा - हम बेन्दोरा में हैं यहाँ हमने 9000 लोगों को बपतिस्मा दे दिया है। बरवे की यात्रा एक सप्ताह रही। यहाँ ईसाइयों की संख्या 13,000 हो गई है। करीब 10,000 लोग बपतिस्मा लेने के लिए तैयार हैं। फादर मोतेत ने फादर लीवन्स के पास पत्र लिखा कि आप शीघ्र राँची लौट जायँ। पत्र पाकर वह 17 नवनम्बर 1889 को बरवे से राँची वापस चला आया।

राँची आने पर पता चला कि जमीनदारों ने उन पर दोषारोपन किया कि फादर लीवन्स के बहकावे में आकर काथलिक मिशन के लोग उपद्रव कर रहे हैं।

फादर मोतेत ने फादर लीवन्स और सहयोगी फादरों को छोटानागपुर के कमिश्नर मिस्टर ग्रिमले के सामने सफाई देने को कहा। ये सफाई दिये पर जाँच-पड़ताल के बाद सरकार ने निर्णय लिया कि मिशनरीज भूमि के सम्बन्ध में जमीनदारों और किसानों के बीच नहीं पड़ें। मिशनारियों के बहकावे से किसान सरकार द्वारा बढ़ाये टैक्स को देना बन्द कर दिये। जमीनदार टैक्स-मालगुजारी रैयतों से वसूल करते और सरकारी खजाना में जमा करते थे। मालगुजारी नहीं देने से सरकार को घाटा होने लगा। साथ-साथ ईसाइयों ने ज़मीनदारों का काम करना छोड़ दिया। उनका हुक्म नहीं मानने लगे। दोनों के बीच अनबन हो गया। इससे सरकार को चिन्ता हो गई। मालगुजारी नहीं देने से जमीनदार और ठीकेदार जमीन पर कब्जा कर लेते थे। किसान अपने खेतों में खेती करते थे उसके पकने पर काटने जाने पर झगड़ा तथा मारमीट होती थी जिसके लिए जमीनदार थाना में केस कर देते थे। इस प्रकार जमीनदारों और काथलिक ईसाइयों के बीच उपद्रव हो जाता था। सरकार ने फादर लीवन्स को जमीन के मामलों में नहीं पड़ने के लिए सतर्क किया। जमीनदार नहीं चाहते थे कि लोग ईसाई बन कर उनके चंगुल से निकल जायँ। सितम्बर और नवम्बर में फादर लीवन्स ने बीरू और बरवे में कुछ ही दिनों में हजारों-हजार लोगों को काथलिक ईसाई बना कर एक जबरदस्त गुट बनाया जो जमीनदारों के हित के विरूद्ध था। इस सम्बन्ध में जाँच-पड़ताल के बाद मिशन के विरूद्ध फैसला सुनाया फिर भी फादर ने अपने ईसाई बनाने के कार्यों को नहीं छोड़ा। वे ईसाई बनाने में तुल गये थे।

जमीनदार लोग दल के दल जमा हो कर सरकार के पास शिकायत की कि फादर लीवन्स क्षेत्रों में काथलिक ईसाइयों द्वारा उपद्रव करा रहे हैं। संकट का संदेश पाकर छोटानागपुर के कमिश्नर मिस्टर ग्रिमले ने तुरन्त कार्रवाई शुरू कर दी। लोहरदगा के डिप्टी कमिशनर मिस्टर लिलिन्सस्टन की छुट्टी के समय पलामू के डिप्टी कमिश्नर मिस्टर रेन्नी प्रभारी हुए। इस आफत को देखकर फादर मोतेत ने फादर लीवन्स को राँची बुलाया लेकिन इस आफत पर ध्यान न देकर अपना कार्य जारी रखा। इससे फादर लीवन्स और मिशन के कार्यों का अस्तित्व संकट में पड़ गया। छोटानागपुर के कमिश्नर ने जाँच-पड़ताल के लिए दो सरकारी अफसरों को इलाकों में भेजा। इसकी जाँच छोटानागपुर के डिप्टी कमिश्नर मिस्टर रेन्नी और पुलिस अधीक्षक मिस्टर पैच ने किया। वे जाँच के लिए 14 नवम्बर को विद्रोह के केन्द्र बीरू

गये। वहाँ से कुछ दिनों में बसिया में पड़ाव रखा। उस समय बसिया के फादर कारडों थे जिन्होंने पुलिस अधीक्षक पैच से मुलाकात की और कहा कि कहीं कोई विद्रोह नहीं है। फिर फादर कारडों ने मिस्टर रेन्नी से भेंट की और क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। मिस्टर रेन्नी ने फादर कारडों के दलील को नहीं माना। मिस्टर रेन्नी ने कहा कि येसुइटों को छोटानागपुर में रहकर ईसाई बनाने का कोई अधिकार नहीं है। आपको मालूम हो कि जर्मन सरकार काथलिक मिशनारियों से कैसे पेश आयी थी। फादर कारडों ने कहा जी हाँ, पर यह न्याय संगत नहीं था। वह क्रूर तानाशाह था।

इसके बाद मिस्टर रेन्नी और उनकी टुकड़ी बीरू चली गई। इस वृतान्त को फादर कारडो ने फादर लीवन्स को भेजा। जमीनदरों और रैयतों के बीच का झगड़ा मिशनरियों के करतूतों के कारण है। उन्होंने दोषी लोगों को अपने कैम्प में बुलवाया और मिस्टर रेन्नी ने उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने लगा। दोषी लोगों को कैद कर लिया। उस समय उनको बचाने वाले कोई फादर नहीं थे। फादर लीवन्स और कारडो ने इस क्षेत्र में 5,000 लोगों को काथलिक बनाया था। मिस्टर लिलिंगस्टन छुट्टी से लौट कर 2 दिसम्बर को कार्यभार ग्रहण करके मिस्टर रेन्नी को बरवे जाँच-पड़ताल के लिए भेजा। मिस्टर रेन्नी जाँच के बाद राँची लौट आये। मिस्टर लिलिगंस्टन दक्षिण में देहातों का दौरा करके वे भी राँची लौटे।

जाँच-पड़ताल के बाद दोनों ने शिविरनुमा अदालत में 66 लोगों को कैद की सजा दी जिसे फादर लीवन्स ने अपनी आँखों से देखा और एक चिट्ठी के द्वारा आर्च बिशप गुथौल्स को इसकी सूचना दी। आर्च बिशप ने फादर लीवन्स से केसों का नकल माँगा। ये सभी खेतों से सम्बन्धित थे। एक केस जादू-टोना का था। जाँच-पड़ताल से आर्च बिशप और फादर लीवन्स चिन्ता में पड़ गये। इन्होंने कोलकत्ते के आर्च बिशप से सरकार को पैरवी करने का विचार करके उन्होंने फैसले और इनसे सम्बन्धित कागजातों की सच्ची प्रति निकाल कर आर्च बिशप गुथैल्स के पास भेजा और नये काथलिकों के सुरक्षा के विषय में कहा। ऐसा नहीं करने से मिशन को भारी क्षति एवं बदनामी होगी। इस पर आर्च बिशप गुथौल्स सहमत हो गये। उन्होंने भारत के सर्वोच्च अधिकारी-वाइसराय के पास पैरवी की। जिन्होंने इस कार्य को सुलझाने के लिए लेफिटनेन्ट गवर्नर को सौंपा।

सरकार ने फादर लीवन्स को बरवे जाने से मना कर दिया क्योंकि इन्होंने

हजारों-हजार की संख्या में उराँवों को ईसाई काथलिक बना कर उनकों संगठित कर दिया था जिससे जमीनदारों और उराँवों के बीच असंतोष फैल गया था और विद्रोह होनी की शंका बन रही थी। सरकार के आदेश के कारण फादर कोन्सटंट लीवन्स एक साल के लिए नवम्बर 1889 से नम्बर 1890 बरवे जा नहीं सके। वे राँची के मनरेसा हाऊस में रहकर लोगों के जमीन सम्बन्धी केसों को देखते और लोगों को सलाह-मशविरा देते थे। कभी-कभी आस-पास के क्षेत्रों का दौरा करते थे।

आर्च बिशप गुथौल्स सत्यता को जानने के लिए 19 जनवरी 1890 को वे कोलकत्ता से छोटानागपुर आये। उन्होंने आपनी यात्रा सिंहभूम से आरम्भ करके चाईबासा, बन्दगाँव सरवदा तथा तोरपा मिशन स्टेशनों का निरीक्षण किया और 27 जनवरी 1890 को राँची पहुँचे। राँची में रहकर एक सप्ताह तक फादर लीवन्स से बिचार-विमर्श किया और इलाके का दौरा शुरू कर दिया। उन्हें जाँच-पड़ताल तथा स्थिति को अपने आँखों से देखना था। आर्च बिशप गुथौल्स फादर लीवन्स के साथ दिघिया गये। वहाँ फादर कनोय से भेंट हुई। ये दोनों लोहरदगा, गुमला, पनारी होते हुए तेतरा पहुँचे। फादर लीवन्स ने बीरू, नवागढ़, पनारी और बरवे के हजारों लोगों को तेतरा बुलाया। ये यहाँ 5,000 लोग जुटने वाले थे लेकिन करीब 1,000 लोग ही पहुँच सके। ये दोनों तेतरा से बिदा लेकर तोरपा, डोड़मा और कर्रा की ओर चले। आर्च बिशप ने सैकड़ों लोगों को दृढ़ीकरण संस्कार दिया। ये दोनों 15 फरवरी 1890 को राँची पहुँच गये। राँची में आर्च बिशप ने मैत्रीपूर्ण भाव से छोटानागपुर के कमिश्नर मिस्टर ग्रिमले के पत्र का जबाब दिया।

दौरे के बाद दोनों के राय-मसूरों से मिस्टर काउले छोटानागपुर के न्यायिक कमिश्नर के न्यायालय में अपील पेश किया गया। इसमें इस अपील को राँची में सुनवाई करने की अर्जी की। फादर लीवन्स ने सुझाव दिया कि दो अलग-अलग अपील किया जाय। एक कैदियों के लिए और दूसरा मिशनरियों के बचाव के लिए हो। जिरह-बहस के लिए नामी वकील मनमोहन घोष को रखा जाय। वकील मनमोहन घोष के देर से आने के कारण कुछ केसों की सुनवाई हुई पर वकील के आने तक मिस्टर काउले ने फैसले को स्थागित रखा। मनमोहन वकील ने तीन दिनों के जिरह-बहस के द्वारा आधे से अधिक कैदियों को मुक्त करा लिया और पच्चीस कैदियों की सजा कम करा दी। कानून-व्यवस्था और जमीन से सम्बन्धित सजा के केसों को रहने दिया। सजा से छूटे हुए सभी कैदी मनरेसा हाऊस आकर जश्न

मनाये। कैदियों के छूटने की खबर सभी मिशन स्टेशनों में तेजी से फैल गयी। जीत के कारण सभी मिशनों को अमन-चैन मिला। मनमोहन घोष ने दूसरी अपील कोलकत्ते में करने की सलाह दी इसको फादर लीवन्स और आर्च बिशप गुथौल्स ने मान लिया। ये अपने मिशन की सुरक्षा चाहते थे। बाद में मनमोहन घोष ने हाई कोर्ट में अपील करने से मना कर दिया और कहा कि वे राँची जाकर मामले का निष्पादन लेफिटनेन्ट गवर्नर मिस्टर स्टूआर्ट से कर लेंगे। उन्होंने कहा दोषी अफिसरों की निन्दा सरकार की निन्दा होती है। मिशन के विरूद्ध सरकार का रवैया आदिवासियों के लिए मुसीबत का इसारा होता है। केसों से किसी के देश द्रोह होने का कारण साबित नहीं होता है। ये कानून और जायदाद के मामूली जुर्म थे। कैम्प कोर्ट में अभियोगियों को गवाह और सफाई देने को मौका नहीं मिला। इसलिए ये दोषी नहीं हैं।

मिस्टर रेन्नी और लिलिगंस्टन ने काथलिक मिशनरियों पर कड़ा दोषारोपन किया है कि ये केवल बपतिस्मा देकर अपने समूह को बढ़ाते हैं और उनको धार्मिक और नैतिक उपदेश नहीं देते हैं। मिस्टर रेन्नी का दोषारोपन था कि काथलिक ईसाई बिना समझ-बूझ वाले बच्चों को बपतिस्मा देते हैं तथा बेठ-बेगारी और लगान कम कराने तथा बढ़े हुए लगान को नहीं देने का प्रलोभन मात्र ईसाई बनाकर अपने समूह को बढ़ाना रहता है। आर्च बिशप गुथौल्स 23 फरवरी 1890 को कोलकत्ता लौट गये। उपराज्यपाल ने आर्च बिशप को बतलाया कि वे स्वयं कैदियों के लिए बात करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासनिक कार्रवाई के द्वारा मिशन की मदद के लिए हाथ बटाएँगे। इसके लिए व्यापक कार्य करेंगे। कोलकत्ते के प्रसिद्ध बैरिस्टर बुढ़रफ इस कार्य के लिए आर्च बिशप को उपराज्यपाल के पीछे लगने की सलाह दी। यह पैरवी सरकार से मिशन कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए किया गया। उप-राज्यपाल के सामने सर स्टूआर्ट ने जो वादा किया था उसको पूरा करने में तत्परता दिखायी। बंगाल के उप-राज्यपाल अपने दो सचिवों को लेकर 8 मार्च 1890 को राँची आये। इन्होंने न्यायिक आयुक्त मिस्टर काउले के साथ मुकदमों की जाँच फिर शुरू कर दी। सबसे पहले इन्होंने उन पच्चीस कैदियों की ओर से दी गई याचिकाओं की जाँच की जो पहली अपील के बाद कैदी जेल में थे। फिर उन्होंने चार बिचाराधीन मुकदमों पर गौर से जाँच किया। इसके बाद फैसला सुनाया गया। 15 मार्च 1890 को उप-राज्यपाल ने कुछ लोगों की सजा बहुत कम कर दी। उन 25

कैदियों में 12 की सजा घटायी गई और चार को सजा से मुक्त कर दिया गया। इसके बाद कुछ दिनों तक रह कर जमीनदारों और रैयतों तथा आदमियों के बीच की शत्रुता को देखकर उनसे साक्षात्कार लेकर मामले को शान्त करने के लिए छोटानागपुर के आयुक्त से घोषणा करा दी - कि जमीनदार आदिवासियों से अतिसमय और अनाधिकृत काम नहीं करावें। वे मिस्टर ग्रिमले द्वारा मुकरार किये गये विधान के अनुसार ही आदिवासियों से पेश आवें। ऐसा नहीं करने से उनको कड़ी सजा मिलेगी। इस प्रकार बंगाल के उप-राज्यपाल ने फादर लीवन्स के लिए विजय का संकेत दिया। आर्च बिशप गुथौल्स का पैरवी अंग्रेज सरकार के पास काम कर किया। वह बम-बम हो गया। छोटानागपुर के आयुक्त की घोषणा को अखबारों में प्रकाशित करा दिया गया ताकि जमीनदार और विरोधी डर जायँ। नाजायज काम न होने पावे।

उपराज्यपाल के फैसले से मिशनरी फादरों को काम करने का साहस और बल मिला। फादर कारडो और फादर डेहों अपने-अपने मिशन इलाके के दौरे पर निकले। बीरू नवागढ़ और पालकोट ही केसों से प्रभावित था। बहुत से लोग मिशन छोड़ दिये थे। वे पुनः बड़ी संख्या में ईसाई धर्म में लौट आये। फादर लीवन्स राँची में ही पूर्ववत् काम करने लगे। इनकी मदद के लिए तीन फादर आये। ये फादर लीवन्स के निर्देशानुसार काम करने लगे।

बरवे, जशपुर, गांगपुर, और सुरगुजा से दल के दल लोग फादर लीवन्स और अन्य स्टेशनों में ईसाई बनने के लिए आने लगे। मिशनरियों ने इसमें सर्तकता बरती। वे सरकार की सद्भावना के बिना ईसाई बनाना नहीं चाहते थे। फिर भी लोग राँची और अन्य मिशन स्टेशनों में आकर बपतिस्मा लेने लगे। फादर लीवन्स का दौरा आम तौर से दिघिया इलाके के देहातों में होता था। फादर लीवन्स मई 1890 में फादर क्लेमेन्ट के साथ ब्राम्बे, सिसई और मांडर गये। उनकी यात्रा पाँच दिनों की थी। इस समय दिघिया क्षेत्र के दस व्यक्तियों को बपतिस्मा दिया। जुलाई में बरवे से आने वाले बत्तीस लोगों को लोहरदगा में बपतिस्मा दिया। केस मुकदमों की पैरवी और थकान के बाद राँची में आराम करने तथा मन की शान्ति होने पर फादर लीवन्स दूसरी बार बरवे का दौरा करने के लिए कमर कस लिये क्योंकि बरवे से दल के दल लोग राँची आकर उन्हें बरवे ले जाने के लिए तुले हुए थे।

बरवे की दूसरी यात्रा
(1 दिसम्बर 1890 से 5 जून 1891)

दिसम्बर 1890 को फादर लीवन्स ने खुशी-खुशी पूरे जोश के साथ यात्रा आरम्भ की। सबसे पहले वह नवाटोली गया और वहाँ का हाल समाचार लिया और वहाँ के फादर कारडो को अपने साथ किया। दूसरे फादर डेहो देहात के दौरे पर थे। उन्हें बरवे आने का संदेश देकर वे दोनों बरवे के बेन्दोरा गाँव पहुँचे। यहीं इन्होंने बरवे में धर्म प्रचार का खेमा गाड़ा। बेन्दोरा को ही बरवे का मुख्यालय बनाया। वे 2 दिसम्बर को बेन्दोरा पहुँचे। दो-चार दिनों के बाद फादर डेहो भी बेन्दोरा आकर उनसे मिले। ये तीनों दो सप्ताह तक गाँव-गाँव का दौरा करके छेछाड़ी आये। छेछाड़ी में सिर्फ दो दिन रहे। फादर कारडो खीस्तमस मनाने के लिए नवाटोली लौटे और फादर लीवन्स तथा डेहो बेन्दोरा वापस आये। ये दोनों बरवे के काथलिकों के साथ बेन्दोरा में जन्म पर्व मनाये और 6097 लोगों को बपतिस्मा दिये।

जनवरी 1891 में राँची लौट आये। कठिन परिश्रम करने के कारण फादर लीवन्स की तबीयत खराब हो गई इसलिए फादर सुपीरियर हंगेनबेक ने उन्हें आराम करने की सलाह दी। थोड़ा ठीक होने पर फादर लीवन्स डेरे में पूर्ववत काम करने लगे। दौरे से लौटे दो महीना भी नहीं हुए थे कि ये अपने घोड़े जेनेरल पर सवार होकर 3 फरवरी 1891 को पनारी, नवागढ़ और गुमला के तेलगाँव से फादर डेहो को लेकर बेन्दोरा पहुँचे। इस यात्रा में इन दोनों ने 218 शादियों पर आशीर्वाद दिया और 1677 लोगों को बपतिस्मा देकर ईसाई बनाया। 8 मार्च को फादर लीवन्स राँची लौट आये। कुछ समय तक फादर लीवन्स राँची में रहने के बाद फादर ग्रोजाँ को लेकर 20 अप्रैल 1891 को बरवे चले गये। फादर ग्रोजाँ को बरवे की प्रगति की जानकारी दी। वापसी यात्रा में इन्होंने छिछवानी, कांसिर, लोहरदगा और दिघिया का जायजा लिया। 29 अप्रैल 1891 को फादर ग्रोजाँ नवाटोली होते हुए राँची लौट गये।

फादर लीवन्स ने बरवे की यात्रा को जारी रखा। उस समय तक ईसाई काथलिकों की संख्या 23,000 तक हो गई थी। फादर लीवन्स और फादर वनेदेर केइलन 5 जून 1891 को राँची लौट आये। इस यात्रा में फादर लीवन्स की हालत और बिगड़ गई। गले में घाव हो गया था तथा खाँसी भी जोर पकड़े रहा, फिर भी ये फादर ग्रोजाँ को साथ लेकर जेनेरल पर चढ़कर बरवे के दौरे पर रहे। फादर लीवन्स

बरवे के मुख्य-मुख्य गाँव गये। गर्मी का समय था, चिलचिलाती धूप पड़ रही थी। वे गाँव में जाकर उपदेश देते थे। देहातों में खाने और सोने का इन्तजाम भी ठीक से नहीं रहता था। इनकी हालत और भी बिगड़ती गई। ये फादर ग्रोजाँ के साथ 5 जून को राँची पहुँचे। अपनी बीमारी को दिखाने के लिए 15 जुलाई 1891 को फादर लीवन्स कोलकत्ता गये। डाक्टर राय ने जाँच के बाद इनको लम्बे समय तक आराम करने भी सलाह दी। ये एक ब्रदर को साथ लेकर आराम करने के लिए 28 जुलाई को दार्जिलिंग पहुँचे। इनको वहाँ आराम करने के लिए सही जगह नहीं मिली। इसलिए वहाँ चार सप्ताह रहने के बाद ये 26 अगस्त को कार्सियांग आये। वहाँ इनकी मुलाकात पूर्व परिचित फादर होपमैन से हुई। यहाँ उनके साथ रहने से खूब आनन्द मिला। दवा-दारू के बाद भी स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। ऐसी हालत में भी वे छोटानागपुर के काथलिक मिशनरियों की चिन्ता किया करते थे। वे राँची लौट कर उनके बीच में काम करना चाहते थे। उनका ध्यान हमेशा नये मिशनरियों की ओर रहता था।

छोटानागपुर के मिशनरियों से खबर मिली कि बरवे में संकट की स्थिति हो गई है। बरवे में काथलिक लोग लूथरन मिशन की ओर खिंचाये जा रहे हैं। ऐसी खबर सुन कर फादर लीवन्स चिंतित हो उठे। कोलकत्ते के डाक्टर ने इनके बीमारी का खुलासा नहीं किया। मिशनरी के डाक्टर भी इनकी बीमारी को जानते हुए भी नहीं बतलाते थे। एक दिन फादर लीवन्स की अर्जी पर फादर शेफर ने सच्चाई को बतलायी। उन्होंने कहा कि आप क्षय रोग से ग्रसित हैं। यह सुनकर फादर लीवन्स को दुःख हुआ। उसने कहा मेरा भी यही ख्याल था। फादर शेफर ने बतलाया कि आप की जिन्दगी मात्र दो साल की है। यह सुन कर वह चिंतित होते हुए भी साहस बटोर कर कहा - अगर मैं चंगा नहीं हो सकता हूँ तो यहाँ रहना बेकार है। अच्छा है कि मैं छोटानागपुर जाकर लोगों की सेवा करूँ। वहाँ मुझे बहुत कुछ करना है। दो साल का समय बहुत बड़ा नहीं है। उनके बीच काम करने से मुझे शांति मिलेगी।

बरसात बीत गई थी। जाड़े का मौसम इनके लिए सुहावना हो गया। फादर लीवन्स 2 अक्टूबर को कार्सियांग छोड़कर कोलकत्ता के लिए रवाना होकर 8 अक्टूबर को राँची पहुँच गये। इनको यहाँ पहुँचने पर अपनों से मिलकर बड़ी खुशी हुई। वे दिल में ताजगी महसूस करने लगे।

बरवे की अन्तिम यात्रा
(दिसम्बर 1891 से जनवरी 1892)

कार्सियांग से आने के दो दिन बाद 10 अक्टूबर को फादर कारडो और फादर डेहो राँची आकर फादर लीवन्स से मिले। वे कुछ दिन तक के लिए बरवे में रहे थे। उन्होंने बतलाया कि लूथरन मिशन का प्रभाव काथलिकों पर पड़ रहा है। वे चैनपुर में जमीन खरीद कर स्कूल बना रहे हैं उनका दूसरा स्कूल कांसिर में भी बन कर पूरा हो रहा है। इस प्रकार बरवे क्षेत्र में इन्होंने मोर्चा बाँध लिया है।

इन सब बातों की खबर फादर ग्रोजाँ को मिली। फादर ग्रोजाँ 23 अक्टूबर को राँची आ धमके और फादरों से विचार-विमर्श किया कि बरवे के सभी स्टेशनों में स्कूल खोला जाय। फादर लीवन्स ने कहा कि केवल बरवे में ही नहीं, समूचे छोटानागपुर में आवासीय स्कूल हो और यह मिशन की देख-रेख में रहे। फादर लीवन्स की सलाह पर फादर बोड़सोन और फादर कारडो बरवे भेजे गये। इन्होंने भटके लोगों को काथलिक मिशन में लाने के लिए जी तोड़ प्रयास किया लेकिन बहुत से लोग वापस आने में आना-कानी किये। हारकर ये दोनों फादर राँची लौटे और फादर लीवन्स से मिले। फादर लीवन्स को चिन्ता हुई। उन्होंने बरवे को बिना फादरों के छोड़ना भी अच्छा नहीं समझा। तबीयत खराब होने पर भी उसकी चिन्ता न कर बरवे जाने के लिए कमर कस लिये। अपने घोड़े पर सवार होकर वे यात्रा बाहर बरवे से शुरू किये। इन्होंने सेमला किलदी ओर खुखराडीह जाकर 20 और 21 दिसम्बर को 27 लोगों को बपतिस्मा देकर ईसाई बनाया उसके बाद बरवे के मुख्य-मुख्य गाँव जैसे कथारी और पादासीमा तक पहुँचे। उसके बाद चिरगाँव तथा संख नदी के उत्तरी किनारा बकराकोना तक भ्रमण किये। फिर टोंगो होते हुए बेन्दोरा पहुँच गये। वहाँ से संख नदी को पार करके नवाडीह इलाके के सभी गाँवों को देखा और जशपुर तथा सुरगुजा के खूँटा कोना में 57 लोगों को बपतिस्मा देकर ईसाई बनाया। इस प्रकार नवाडीह इलाके में दस दिनों तक रहे और लोगों को ईसाई बनाते गये। कटकही के उत्तर अकासी गाँव में 121 लोगों को काथलिक बनाया। दूसरे दिन वे केडेंग पहुँचे और उसके निकटवर्ती गाँव सुगासरवा तथा डड़गाँव में बहुतों को बपतिस्मा दिया। इस दौरान में बरवे में करीब 1241 लोग ईसाई बने। बरवे की यात्रा करते समय उनके सुपीरियर हगेनबेक ने राँची वापस लौटने का आदेश दिया पर वे राँची न लौट

कर बरवे क्षेत्र में ही घूमते रहे। वे अपने घोड़े जेनेरल में सवार होकर 29 जनवरी 1891 को मनरेसा हाऊस पहुँच गये। इतने दिनों तक रहकर बरवे क्षेत्र से थके - मन्दे, रोग से ग्रसित थे। आदेश के मुताबिक राँची नहीं लौटने पर उनके सुपीरियर ने उन्हें खरी-खूटी सुनायी। उन्हें सजा के रूप में आठ दिनों तक मौन धारण करने को कहा। तबीयत खराब होने के कारण वह क्षेत्र में जा नहीं सकता था। मनरेसा हाऊस में ही रहकर बाहर से आये लोगों को सलाह-मशविरा देकर उनके तकलीफों को दूर करता था।

सरकार के उच्च पदाधिकारी भी इनको मदद नहीं करने लगे। नये उपायुक्त मिस्टर गोरडोन भी कोई मदद नहीं करने लगे। कचहरी में लोग मुकदमा हारने लगे। इनके सुपीरियर फादर बोसोन की मृत्यु 36 वर्ष की उम्र में हो गई। अन्तिम समय में इनके पूर्व के उमंग में पानी फेर गया। सब तरफ निराशा ही निराशा दिखने लगा। क्षय रोग के कारण शरीर भी जबाब दे रहा था। डाक्टरों का विचार हुआ कि ये अपने देश बेल्जियम जाते तो वहाँ की आबोहवा से कहीं ये निरोग हो सकते हैं। यह सुनकर उन्हें बेहद खुशी हुई। वे स्वदेश लौटने के लिए तैयार हो गये। इसी समय किसी ने बतलाया कि कुछ लोग बरवे से आकर मिलना चाहते हैं। लीवन्स की तबीयत बहुत खराब हो गई थी इसलिए कमरे के भीतर से ही उनको आशीर्वाद दिया और कहा मैं बहुत दूर जा रहा हूँ वहाँ से चंगा होकर आने से मैं आप लागों की मदद करूँगा।

उसके बाद ही बेल्जियम के प्रोभिन्सिल से संवाद आया कि फादर लीवन्स को जल्दी बेल्जियम भेज दीजिये। फादर हगेनबेक ने दिनांक 28 अगस्त 1892 को इन्हें कोलकत्ता पहुँचाया। वह गोलकुंडा नामक पानी जहाज में चढ़कर ब्रदर कैटर्स के साथ स्वदेश के लिए चल पड़े। वे नेपल्स बन्दरगाह में 26 सितम्बर को उतरे।

बीमारी और मृत्यु
(सितम्बर 1892 से 7 नवम्बर 1893)

फादर लीवन्स पानी जहाज से 26 सिम्बर को उतर कर वहाँ के डाक्टर की देख-रेख में चार दिन ठहरे। डाक्टर ने इलाज के लिए रोम जाने की सलाह दी। रोम के डाक्टर ने उन्हें बेल्जियम जाने को कहा। प्रोभिन्सियल ने उनके साथ एक ब्रदर को भेजा। वे द्रोगेन पहुँचे। यहाँ फादर लीवन्स की भेंट पुराने मित्रों से हुई। उन्हें द्रोगेन में रोगियों के रहने का कमरा मिला। यहाँ उनके पुराने मित्र और घर के संबंधित लोग मिलने आते थे। मिलकर इन्हें बहुत खुशी होती थी। अपनी लापवाही और कठिन कार्यों के कारण इन्हें छोटानागपुर में क्षय रोग की बीमारी हो गई। फादर लीवन्स शीत काल और बसंत का समय द्रोगेन में बिताये। इन्हें इनकी इच्छानुसार लुभेन जाने की अनुमति मिली। ये वहाँ युनिवर्सिटी के डाक्टरों से इलाज कराना चाहते थे। यहाँ इन्हें तरह-तरह के नामी डाक्टरों से इलाज कराया गया। यहाँ तक कि इनके लिए वर्लिन से दवा मँगायी गई पर इनके सेहत में कोई खास सुधार नहीं हुआ ये कमजोर होते गये। मिस्सा के बाद इन्हें ढोकर कमरे में लाना पड़ता था। ये द्रोगेन से भी चल पड़े और रूस्सलार पहुँचे। रूस्सलार में ये अपने भतीजे जेरमानुस के यहाँ ठहरे। अपने परिवार वालों से मिलने के लिए इन्हें गाड़ी से घुमाया गया। इनकी अपनी बहन लुईसा अपने नन्हें पुत्र को लेकर रोती हुई अपने भाई से मिली। उन्होंने अपने छोटे भाई हेनरी के पास पत्र लिखा जो अपने पैत्रिक गाँव के फार्म मूर्सलेड में रहता था। 5 नवम्बर में जानस्सेन्स उन्हें देखने आये। उनकी हालत को गम्भीर देखकर उसी दिन उन्हें बीमारी का संस्कार दिया गया। उनके साथ एक फादर हमेशा मदद के लिए रहते थे क्योंकि उनके मरने का आभास मिल गया था। फादर लीवन्स ने पहरेदार फादर से कहा - बैठे-बैठे मैंने द्रोगेन में आपने कृत का नोट लिखा है उन्हें फाड़ कर फेंक दें नहीं तो जलाकर नष्ट कर दें। नोट तीन कोपियों में था। दूसरे दिन वे छोटानागपुर में रहते समय सन्त मरिया का स्कापुलर जिसे वे अपने गले में टाँगे रहते थे। उन्हें अपने हाथों से थाम लिया उनकी उम्र 37 वर्ष थी पर वह 70 वर्ष की आयु जैसा दिखता था और झुक कर चलता था। उन्हें स्वर्ग जाने का ख्वाब होने लगा। 7 नवम्बर को उनके साथ रहे ब्रदर ने घंटी बजाकर फादर लीवन्स के मरण की सूचना दी। फादर कौश जो बंगाल के थे, तुरन्त जाकर उनका

अन्तिम संस्कार किया।

धरती माँ ने कहा, आपने छोटानागपुर में काथलिक ईसाई भाइयों के लिए अथक काम किया। आप थक गये हैं अब आप मेरे कोख में आकर सदा के लिए आराम करें। सो जायँ। उन्हें लुभेन नगर के उपनगर हेभरले की धरती-कब्रिस्तान में सदा के लिए सुला दिया गया। मरने के पहले वे सौभाग्य से अपनी धरती पर आ गये थे।

सौ साल पहले फादर लीवन्स ने छोटानागपुर आकर खीस्त धर्म की एक अमिट छाप छोड़ दी। प्रथम विश्व युद्ध के बाद फादर लीवन्स की जन्म भूमि मूर्सलेड के लोगों ने आरोही लीवन्स की प्रतिमा को मुख्य स्थान पर क्रूस पकड़वा कर ऊँचे चबूतरे में स्थापित करके उनका सम्मान बढ़ाया। सन् 1951 ईस्वी में यह तय किया गया कि इस महान आत्मा के शरीर को जेसुइट गृह लुभेन लाया जाय। जुलाई 1951 में उनके कब्र को खोदकर परीक्षण से सन्तुष्ट होकर एक अपार भव्य समूह में प्रार्थना करते जुलूस के साथ इनके पार्थिव शरीर को 8 जून 1952 रविवार को लुभेन लाकर जेसुइट गृह में दफनाया गया। इस शव यात्रा का नेतृत्व छोटानागपुर के आर्च बिशप महामान्यवर निकोलस कुजूर ने किया। फादर लीवन्स के पार्थिव शरीर को नागपुर के बिशप फलान्डर्स ने बेल्जियम के लोगों के साथ श्रद्धापूर्वक लुभेन पहुँचाया। इनसे फादर लीवन्स का मान सम्मान बढ़ा।

बेल्जियम यात्रा के दौरान सन् 1979 में आर्च बिशप पियुस केरकेट्टा ने फादर लीवन्स के पार्थिव शरीर को पवित्र अवशेषों को छोटानागपुर में लाने की इच्छा व्यक्त की। इसलिए उनकी इच्छा के पालन में आर्च बिशप और महामहिम कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो के नेतृत्व में 31 अक्टूबर 1993 को फादर लीवन्स के पवित्र पार्थिव शरीर के अवशेषों को हरेक काथलिक गिरजा घरों में घुमाकर 7 नवम्बर को भावी पीढ़ी के काथलिक ईसाइयों के प्रेरणा एवं यादगारी के लिए पुरूलिया रोड के प्रमुख चर्च सन्त मरिया गिरजा घर में सुरक्षित रख दिया गया है।

फादर लीवन्स बेल्जियम के मूर्सलेड में 11 (ग्यारह) भाई-बहनों के बीच जन्मे गरीबी के कारण जेसुइट समाज में पादरी बने। इनकी पढ़ाई-लिखाई का सारा बोझ मिशन ने उठाया। इनको धर्म प्रचार के लिए भारत भेजा गया। भारत में काथलिक येसु समाजी का मुख्यालय कोलकत्ते में था। क्षेत्र की जानकारी और प्रशिक्षण देकर इन्हें छोटानागपुर के आदिवासियों के बीच धर्म प्रचार करने के लिए

लाया। यहाँ के जंगल-पहाड़ों, नदी-नालों, साँप-बिच्छू और बाघ-भालुओं से भरे क्षेत्रों में इन्हें घोड़े पर चढ़कर जाना पड़ता था। खाने-पीने का कोई ठिकाना नहीं, पर करीब 29-30 वर्ष के गठीले शरीर वाले नौजवान के येसु ख्रीस्त के नाम पर दुःख तकलीफ का बीड़ा उठाने के लिए तैयार हो गया। इस प्रकार मिशन के कृतज्ञता का बदला चुकाया।

फादर लीवन्स छोटानापुर के सभी आदिवासियों को काथलिक बनाना चाहता था। इसके लिए वह दिन-रात अथक परिश्रम करता था। धर्म प्रचार सर्वप्रथम इन्होंने खूँटी के तोरपा में मुंडाओं के बीच किया। इसके बाद उराँव क्षेत्र के लिए ग्राम दिघिया में खेमा गाड़ा और यहीं से मांडर, लोहरदगा, सिसई, गुमला, बरवे, महुआडांड, बीरू, जशपुर, गांगपुर, सुरगुजा के उराँवों और खड़िया आदिवासियों के बीच धर्म प्रचार किया। यहाँ के बाद इन्होंने पुरूलिया और संथाल पगरना का भी दौरा किया और संथाल-आदिवासियों को काथलिक बनाया। इनकी योजना के तहत सभी क्षेत्रों में प्रचारक और पुरोहित तैनात किये गये।

इनके मरने के बाद भी काथलिक मिशन योजनाबद्ध काम कर रहा है। सारे क्षेत्र को कई डायसिसों में बाँटा गया है - ये है सम्बलपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर, डाल्टेनगंज इसमें हजारीबाग और पलामू जिले शामिल हैं। इनके बाद गुमला, सिमडेगा और खूँटी डायसिस बनाये गये हैं। इन डायसिसों में पाँच कॉलेज, पाँच कॉमर्सियल कॉलेज, एक टेकनिकल कॉलेज, 37 उच्च विद्यालय, 47 मध्य विद्यालय, 73 प्राथमिक विद्यालय, 4 मांटेसरी स्कूल, 23 इंगलिश मीडियम स्कूल चलाये जा रहे हैं। इनके अलावे 14 कल्याणार्थ संस्थायें, पाँच अस्पताल, 20 डिस्पेंसरी तथा बुजूर्ग, बीमार और निःसहायों के लिए चार संस्थायें हैं। संत जेवियर्स संस्थान भी खुला है।

मिशनरी कामों के लिए असंख्या पुरोहित, मदरस और सिस्टर्स हुए हैं और होते जा रहे हैं। इनके कामों की देख-रेख के लिए 31 धर्माध्यक्ष, 3 महाधर्माध्यक्ष, एक कार्डिनल तैनात हैं। काथलिक मिशन का कार्य रोम के पोप के निर्देशन एवं सहायता पर सुचारू रूप से चल रहा है। काथलिक देशों का भी सहयोग रहा है।

फादर लीवन्स का येसु समाजी रोमन-काथलिक मिशन के लिए किये कार्य उस समाज के लिए क्रेडिट है पर इन्होंने पुराने संगठित समाज को दो भागों में बाँट दिया जो समाज के लिए कलंक हो गया। दोनों समाज अलग-अलग विपरीत दिशाओं

में चल रहे हैं।

किसी धर्म का वहीं व्यक्ति स्वर्ग जायेगा या स्वर्ग का सुख भोग करेगा को अपने आप में ठीक है जिसमें इन्सानियत है जिसमें धार्मिक भावना है। यह दुनिया कर्म भूमि है जो जैसा कर्म करेगा वैसा ही फल पायेगा कर्म के आधार पर ही वह स्वर्ग या नरक जायेगा। किसी के किसी धर्म में जाने मात्र से ही वह स्वर्ग नहीं जायेगा। भगवान ने दुनिया को कर्म प्रधान बनाया है जो अत्यन्त गोपनीय है पर सिद्ध पुरूष को इसका आभास हो जाता है। वह उसी के अनुकूल रहकर जीवन व्यतीत करता है और मंजिल तक पहुँच जाता है।

अध्याय - 2

ग्राम-दिघिया

ग्राम दिघिया राँची से पश्चिम राँची-लोहरदगा रोड पर करीब 35 किलो मीटर पर बेड़ो थाने में है। यह बेड़ो थाने का एक नामी गाँव है। यह दो शीटों का मौजा है। इसके तीन भाग में धान खेत है। एक चौथाई में बस्ती, टाँड़ खेत और जंगल हैं। बस्ती जंगलों की तलहटी वाले समतल जमीन पर पूरब से पश्चिम लम्बा है। बस्ती से सटे पूरब और दक्षिण वाले जंगल बहुत पहले ही कट कर साफ हो गये हैं। हमारे देखते पूरब वाले जंगल में बचे साल के कई मोटे-मोटे पेड़ थे। अब वे भी कट गये। केवल कुछ महुँए और आम के पेड़ मौजूद हैं। दक्षिण वाले जंगल की जमीन में मात्र दो करम के पेड़ है जिनका नाम भगत करम है। गाँव से सटे हुए एक बहुत बड़ा बरगद का पेड़ है जहाँ शिकार चंडी अवस्थित है। यह बरगद पेड़ भी बूढ़ा होकर गिरने की स्थिति में है। सर्वे में यह जमीन गैर मजुरूआ दर्ज है जिसको हमने सरकार से बन्दोवस्त करा कर वहाँ घर बना लिया है। वर्त्तमान में अभी चार जंगल बचे हैं जो दक्षिण पूरब में हैं। पश्चिम-दक्षिण के जंगल का नाम केन्द पतरा है। दक्षिण के जंगल को दिगहा डोंगरी कहते हैं जो चिलधिरी गाँव के सीमाने पर है। तीसरा करम पतरा है और चौथा मंगरा पतरा कहलाता है। पतरा का अर्थ होता है जंगल। गाँव में तीन सरना स्थल और एक जोंख बड़ा है। सरना में पहान पूजा करते हैं और जोंख़ बड़ा में बरगद पेड़ के नीचे युवकों (धांगरों) का शिवलिंग स्थापित है। सरनों में एक बड़ा सरना है। जो सरना टोली के पश्चिम में है। दूसरा मुख्य गाँव के पश्चिम राँची-भंडरा चट्टी रोड किनारे में है और तीसरा सरना तुको गाँव के सीमाने पर चट्टी टोली में है। इसका नाम लट्टी झूड़ है। ये सभी उराँवों के धार्मिक स्थल हैं। गाँव के उत्तर-पूरब टिकरा में फादर लीवन्स का बनवाया हुआ चर्च था जो अब वह दिघिया, कुदारखो और कराँजी के सीमाने में चला गया। गाँव के उत्तरी छोर में तुको-चचकपी सीमा से ग्राम टिंगरिया बस्ती तक एक टिकरा है उसमें भी बहुत पहले जंगल था, वह खत्म हो गया है। उसमें केवल कुछ महुए के पेड़ हैं। उराँव में मुरम पत्थर के ऊँची जमीन को टिकरा कहा जाता है।

दिघिया गाँव के उत्तर में ग्राम टिंगरिया है दक्षिण दिशा में चिलधिरी मौजा है पूरब में कराँजी और कुदारखो पड़ते हैं तथा पश्चिम में तुको है। गाँव के एक तिहाई

भाग में धान की खेती होती है। इस एक तिहाई में गढ़हे और चौरा दोनों प्रकार के धान खेत हैं। गाँव सुखी और सम्पन्न है। गाँव के कोई भी आदमी बिना खेत के नहीं है चाहे वे क्यों न गरीब हों। यहाँ हरिजनों की आबादी नहीं है।

जंगल और टिकरा होने के कारण गाँव के क्षेत्र में पाँच नालायें बहती थी। पूर्वजों ने जंगल-झाड़ को काट कर नालों को बाँध बना-बनाकर बहुत मेहनत से खेत बनाया। इन नालों का विवरण इस प्रकार है - पहला नाला में तुको और चचकपी क्षेत्र का पानी बहता था। यह जोकी पोखर होकर बहता था इसे बाँध कर समतल बनाया और वे इसके पानी को लन्डरी और दहा चौरा के खेतों में ले गये। इस नाले का पानी दोनों तरफ के खेतों में बहता है। इसके पानी से भरपूर बरसाती खेती होती है।

दूसरा नाला तुको के भुटकू टोली अर्थात् खुट्टी टोली से निकली है इससे पखना सोकरा और जामुन चौरा के खेत पटते हैं। इस नाला का नाम चम्बोथ नाला है।

तीसरा नाला चरका टंगरा से निकलता है। इस नाले का पानी पखना सोकरा के धान खेतों को पटाता है।

चौथा नाला कठी सोकरा नाला है। इसका पानी नाले के दोनों तरफ के खेतों को पटाता है।

पाँचवा नाला अमराय सोकरा नाला है, यह नाला सेमर चौरा तथा तुरी चौरा तथा नगड़ा चौरा के खेतों को पटाता है।

पूर्वजों ने इन पाँचों नालों को ऐसा खेत बनाया है कि नालों का पानी ऊँची जमीन अर्थात् चौरा खेतों में बहता है। गाँव का तीन तिहाई जमीन धान खेतों में बदल गया है। गाँव में टाँड़ खेत बहुत ही कम हैं। धान खेत के एक छोर से दूसरे छोर तक नजर जा नहीं सकती है ऐसा लम्बा-चौड़ा धान खेत बिरले ही अन्य गाँवों में मिलता है। धान खेत लम्बे-चौड़े जगहों में फैला है। गाँव का कोई भी परिवार बिना खेत का नहीं है। यह खुशहाल बस्ती है। पहले मुख्य गाँव के अलावे पाँच टोले थे। लेकिन चार टोलों के लोग मुसलमानों के अत्याचार से गाँव छोड़कर अन्यत्र चले गये। वर्त्तमान में एक ही टोला बचा है। यह तुको के सीमाने में है। इसका नाम चट्टी टोली है। मुख्य गाँव और चट्टी टोली मिला कर यहाँ करीब दो हजार परिवार हैं हाल फिलहाल में मुख्य गाँव से निकल कर दो टोले बने हैं एक सरना टोली दूसरा टोंका

टोली। बेड़ो-भंडरा रोड गाँव होकर खेतों के बीचो-बीच जाता है।

मुख्य गाँव में उराँवों की संख्या ज्यादा है। यहाँ के भूंइहरों का गोत्र 'ख़ेस्स' है। गाँव में दूसरे-दूसरे गोत्र के रैयत भी बसे हुए हैं। रैयतों में तिरकी गोत्र के लोग हैं। ये 1800 ईस्वी में बगल के कुदारखो गाँव से आकर बसे। गाँव में सबसे पहले आकर भूंइहरों के बीच रहने के कारण दिघिया गाँव के ये जेठ रैयत हुए ये हैं चुन्नी, पैतु और बुदू। चुन्नी उराँव के लड़के बासु उराँव और गान्दूर उराँव थे। उनके वंशज हमलोग हैं। मिंज गोत्र के तीन परिवार भी बसे हुए हैं। ये हैं सुकरा, झीरगा, लेदा तथा मंगरू मिंज डुंड़का-विशु के पिताजी मंगरू मिंज थे। एक तिग्गा परिवार, जेंगा उराँव का है। डिगो, लकड़ा परिवार का है। कना-कूडा टोप्पो गोत्र वाले हैं, जतरू उराँव भी टोप्पो गोत्र का है। पहान टोली में तुम्बा का परिवार ख़लखो गोत्र का है। इतने ही परिवार के लोग दूसरे-दूसरे गाँवों से आकर ख़ेस्स गोत्र वाले भूंइहरों के साथ हैं। गाँव में ख़ेस्स गोत्रों के तीन खानदान भगत परिवार के हैं, ये हैं - मंगरा भगत, पारसनाथ भगत और सुखदेव भगत।

दिघिया गाँव में चार भूंइहर महतो परिवार के लोग हैं ये थे भीखू महतो, बेरा महतो, पतू महतो और बुधवा महतो। ये गाँव के शासक थे। यहाँ चार भूंइहर पहान परिवार के लोग भी हैं, ये हैं - कूबा पहान, इनके वंशज हैं - मंगरा पहान और कुशल पहान। दूसरे नम्बर में लिटी, बिशु, मगहू तथा सीमोन और जेम्स पहान।

तीसरे नम्बर में जीतू, मुड़हू और बिदाई। चौथे नम्बर में मंगरा भगत, पारसनाथ भगत और लूम्बा पहान हैं। ये गाँव में सरना धर्म के पुजारी थे। पहानों में दो परिवार के लोग मिशन धर्म में चले गये हैं। इन महतो और पहानों के अलावे गाँव में ख़ेस्स गोत्र के अन्य भूंइहरों की जनसंख्या भी है। गाँव में भूंइहरों की संख्या ज्यादा है।

आदिवासियों के अलावे इस गाँव में बहुत से अन्य-अन्य जाति के लोग भी बसे हुए हैं। इनमें तीन खानदान के अहीर परिवार हैं, ये हैं मंगरा अहीर, दासू अहीर, सीटवा और दशरथ अहीर। चीक बड़ाईक के तीन परिवार हैं, ये हैं छटू बड़ाईक, सामसिंग बड़ाईक और झूरन बड़ाईक। दो लोहरा परिवार के लोग भी हैं। दलया लोहरा निःसन्तान मर गया। भोटवा लोहरा के दो लड़के इनमें जगदेव लोहरा मर गया उनके परिवार के लोग हैं, बड़ा लड़का साहदेव जिन्दा है। महादेव लोहरा खत्री खटंगा से आकर बसा है। उसका लड़का गाँव का फार पजाता और लोहे का

अन्य औजार बनाता है। बनिया साहू में सिपटाहल साहू, गजा-बुधवा खानदान, कोल्हा साहू और सीताराम साहू के परिवार हैं। एक परिवार पांड़ (सवांसी) है। नन्दलू पांड़ और मकडू पांड़ के परिवार गाँव में हैं। चार जुलाहा परिवार के लोग हैं। ये हैं, अब्बी, पचन, छकन और सोहबालिया के परिवार है। चीक बड़ाईक संवासी (पांड़) और जुलाहा लोग कपड़ा बुनने का कार्य को छोड़ दिये हैं। तीन गोड़ाईत खानदान के लोग हैं। ये हैं - भूखन, लीबू के पिता सुखराम, भूखन गोड़ाईत के चार लड़के थे - गोविन्द, अर्जुन, भीम और नकुल इनका परिवार फला-फुला है। जगराम खानदान अलग है। एक खांची और टोकरी बनाने वाला भगवती, ओड़ तुरी परिवार का भी है। दो परिवार हजाम हैं। ये हैं - नंदलाल और जगा ठाकुर, इनके परिवार के लोग हजामत का काम करते आ रहे हैं। ये सभी कारीगर उराँव किसानों के साथ रहते आये हैं। इन्हें उराँवों ने अपने साथ रखा है। अन्य जातियों में तेली साव (साहू) की संख्या ज्यादा है। ये हैं जगरनाथ साव, बोलो साव, सरवन-गुदला, महेश और फोचो साव। दूसरे नम्बर में सोबरन साव है। इनके लड़के ये हैं - लक्ष्मण साव, डोमरा, टेमना और परना साव, तीसरा नम्बर में जीतू साव हैं जिनके लड़के हैं - हुलास साहू, दशरथ, सीवा और यदू साहू। चौथा में साम-गन्दिरा जिनके लड़के बैचना साव थे। इनके लड़के बीरेन्द्र और रमेश हैं। पाकल मेड़ी से आकर कोयरी परिवार तुको गाँव के पांड़े से पाँच एकड़ टांड़ खेत सरनाटोली में खरीदकर घर बना लिया है। चार मुसलमान खाँन परिवार के लोग भी बसे हुए हैं। ये हैं - मीर समसुद्दीन खाँ, कबरूद्दीन, मुहम्मद अली ओर मुहम्मद ठुपा। ये सन् 1800 ईस्वी के करीब में दिधिया गाँव में आकर बसे। इन्होंने महरू भासनन्दा, हाटू और कादोजोरा गाँव को नीलामी में लेकर आये। ये इन गाँवों में न बसकर दिधिया में बसे। ये तीन भाई थे। दो का वंशज नहीं चला केवल मीर समसुद्दीन का ही परिवार अपने सम्बन्धियों के साथ दिधिया में बसा है। नाचनी के लड़के के साथ इनके पाँच लड़के हैं। नाचनी के लड़के का नाम फागुवा है।

गाँव के भूंइहर आदिवासी किसान थे इसलिए कृषि कार्य या जीवन के जरूरी कार्यों को कराने के लिए इन्होंने कारीगरों को अपने साथ रखा। किसान उनकी सेवा के बदले फसल काट कर मिसनी के समय अनाज देते हैं। इस प्रकार उनकी खेती और जीवन का कार्य सुचारू रूप से चलता है। इस गाँव में हरिजनों की संख्या नहीं है।

दिघिया की चट्टी टोली जो तुको गाँव के सीमाने से सटा हुआ है इस टोली में बारहों जात के लोग हैं - मुसलमान, भूमिहार-बराहिल, दर्जी, तेली-साव, बनिया, कुम्हार, सिन्दुरिया, हलवाई, ठठेरा, पानेरी। इसी टोली के दिघिया क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार लगता है। हरेक साल जतरा और मंडा भी इसी बाजार टाँड़ में बैसाख महीने के शुक्ल पक्ष की नवीं तिथि में लगते हैं। यह स्थल तुको गाँव से सटा हुआ है इसलिए बाजार और मेला, तुको के नामों से जाना जाता है। पश्चिम में इसका सीमान तुको के पांड़े तालाब के पूर्वी छोर से शुरू होकर तुको के दक्षिण अम्बा टोली के सीध में जाता है। खुट्टी टोली और आम्बा टोली दोनों तुको मुख्य गाँव से निकले हुए हैं। तुको के पांड़े तालाब से सटा हुआ उसके पूरब में जोकी पोखर है जो दिघिया गाँव के क्षेत्र में है। चट्टी टोली के लिए दिघिया गाँव का अलग सरना है। जो लट्टी झूड़ सरना कहलाता है। दिघिया में तीन सरना स्थल हैं उनमें दो दिघिया के मुख्य बस्ती में हैं।

गाँव में दो तालाब और दो बगीचे हैं। एक तालाब और बगीचे को रातू के महाराजा ने बनवाया था। जैसे जमीनदारी चली गयी वैसे ही महाराजा ने बगीचे के आम गाछों को कटवा कर उसके जमीन को गाँव के रैयतों के साथ बन्दोवस्त कर दिया। तालाब उनके मझीयस खेतों के ऊपर है। आम तालाब होने के कारण यह सरकार में भेस्ट कर गया। इसलिए महाराजा इसे बेच नहीं सके। जोकी पोखर रैयतों द्वारा बनाया गया है। आम तालाब होने के कारण इन्हें भी सरकार ने अपने अधीन कर लिया। गाँव के पूरब वाले बगीचे, गाँव वालों के उपयोग में है क्योंकि यह गैरमजुरूआ खास जमीन है लेकिन यहाँ पर के पेड़ भी सही सलामत नहीं हैं। कुछ कट गये हैं और कुछ बूढ़े होकर गिर रहे हैं। अब पेड़ लग नहीं रहे हैं।

फादर लीवन्स के द्वारा बनवाया गया प्राइमरी स्कूल उत्क्रमित होकर उच्च विद्यालय हो गया है। फादर विलियम होज ने पुराने मिशन को छोड़ कर दिघिया, कुदारखो और करॉंजी के सीमानों में जमीन खरीदकर पुराने गिरजा और स्कूल को भी खरीदी गई जगह पर ले गया। यहाँ एक लड़की स्कूल भी मिशन के द्वारा खोला गया है। मिशन के द्वारा पुराने गिरजा और स्कूल को उठा लिया गया, इसलिए यहाँ सरकार द्वारा प्रोजेक्ट स्कूल खोल दिया गया है। बगल के गाँव तुको में मिडिल स्कूल है जो सरकार के हाथों में है। इस प्रकार स्कूल की सारी सुविधा इस गाँव में हो गई है।

उराँवों के इस नामी गाँव में बाहर से आकर ब्राह्मण-पंडित-पाठक का एक परिवार बसा था। बाहर से आने वाला यह पहला परिवार था। इस परिवार के लोगों ने गाँव के सड़क किनारे तीन एकड़ में आम का बगीचा लगवाया। यह पांडे बगीचा कहलाया। यह पंडित परिवार 1800 ईस्वी में मुसलमान-पठान लोगों के दिघिया गाँव में बसने के कारण तुको गाँव में जाकर बसा। यह परिवार मुसलमानों के साथ बसना नहीं चाहा इन लोगों को संदेह हो रहा था कि ये मुसलमान हमलोगों के पीने वाले कुँवों में गाय की हड्डी डाल कर इन्हें हिन्दू धर्म से भ्रष्ट कर देंगे। सोचा, भला है कि ये बगल के तुको गाँव में क्यों न जाँय? ये दिघिया से जाकर चिलधिरी गाँव के जगरनाथ मंदिर में पूजा-पाठ करने जाया करते थे। यह मंदिर चिलधिरी गाँव के लालनाथ साहदेव के परिवार का हैं। यहाँ प्रत्येक वर्ष भादो के एकादशी में रथ मेला लगता है। दिघिया और चिलधिरी एक ही सीमाने पर के गाँव हैं। यहाँ से पूजा करने जाने में सुविधा थी। अब ये तुको गाँव से पूजा-पाठ के लिए चिलधिरी गाँव जाते हैं। जब तक ये दिघिया गाँव में थे। गाँव के किसी भी लोगों का कोई हानि नहीं किये। इन्होंने भलाई ही की।

महरू-भसनन्दा और हाटू-कदोजोरा गाँवों को महाराजा से नीलामी लेकर बिहार से आकर ये मुसलमान दिघिया बस्ती में बस गये। नीलामी लिए हुए गाँव जंगल-झाड़ों के बीच था। मीर समसुद्दीन के पिताजी तीन भाई थे। तीनों के लिए तीन घोड़े थे। इन्हीं घोड़ों में सवार होकर नीलामी में लिए गाँवों का दौरा किया करते थे। ये करीब 1800 ईस्वी में आकर दिघिया गाँव में बसे। दिघिया गाँव में इनकी जमीनदारी नहीं थी फिर भी उराँवों के मसना और मसना से सटे हुए तीन एकड़ जमीन को जोर-जुल्म से कब्जा कर धान खेत बनाया है। उराँव लोग लाचार होकर तालाब के पास वाले गैरमजुरूआ जमीन में मसना बनाया। मसना की जमीन बहुत छोटी है। बच्चों का मसना जो अलग होता है मुख्य मसना के बगल ही में पुराने छोर पर है। इस मुसलमान परिवार ने मसने से आकर नहाने धोने वाले कुँआ और पानी के डोबहा को भी दखल करके कूदर धान खेत बना लिया। यह करीब तीन एकड़ का जमीन पहान टोली और सरना टोली के बीच में है। यह जमीन मुसलमानों का मसना पावा और कुदर खेत कहलाता है।

गाँव के उत्तर में गाँव के लोगों को पीने के लिए एक चुँआ था। चुँआ के पूरब में लोगों के ठहरने एवं सामूहिक कार्यक्रम के लिए एक बड़ा भूभाग था, उसको

भी इन्होंने दखल करके धान खेत बना लिया। ऊपरी भाग में एक बड़ा वट-वृक्ष है जहाँ पर प्रत्येक वर्ष मंडा मेला लगता है। जगरनाथ मास्टर ने एक मंदिर भी बनवाया है।

बाहर से आये हुए पठान तीन भाई थे। जैसा पहले बतलाया गया है - तीनों के लिए तीन घोड़े थे। गाँव के पश्चिम-दक्षिण में घनघोर जंगल था। अभी भी छोटे-बड़े पाँच जंगल मौजूद हैं। खुदा न खास्ते पठानों का एक घोड़ा घर से छूट कर जंगल की ओर चला गया। बड़ा सरना के आस-पास में बसे हुए उराँवों ने इस घोड़े को नील गाय का बछड़ा जंगली जानवर समझ कर रात में मार डाला और उसके शिकार को चारों टोलों के उराँव परिवार के बीच बाँट दिया। ये इस शिकार के माँस को खा गये। घोड़े की खोज खबर होने लगी तो पता चला कि उराँवों ने रात के समय इसे जंगली जानवर समझ कर मार डाला और माँस को शिकार बना कर खा लिया। पता चलते ही गाँव में पठानों ने घोड़े को मारने और उनके माँस को खाने वाले परिवारों को खदेड़-खदेड़ कर मार-पीट करने लगे। डर के मारे चारों टोलों के ख़ेस्स परिवार के लोग अपने-अपने सगे-संबंधियों के यहाँ चले गये और वहीं बस गये। इन्होंने जंगल-झाड़ को काट कर खेत बना लिया। उस समय खेतों की कमी नहीं थी। जंगलों को खेत बनाने में झंझट भी नहीं था। उराँवों में ख़ेस्स परिवार के लोग पहले केवल इसी गाँव में थे।

इनमें से भाग कर बहुत से लोग सिसई थाने में बस गये हैं। ये अपना गोत्र धनवार (ख़ेस्स) लिखते हैं। कुछ लोग पूरब की ओर जाकर नगड़ी बस्ती के दक्षिण में बसे हैं, ये भी अपना गोत्र ख़ेस्स की जगह धनवार लिखते हैं। कुछ लोग लापूंग थाने में बसे हैं ये ख़ेस्स की जगह अपना गोत्र धान लिखते हैं। मुंडा में ख़ेस्स को धान कहते हैं। कुछ लोग लोहरदगा तरफ भी चले गये। इनमें कुछ लोग अपना गोत्र ख़ेस्स नहीं तो धनवार लिखते हैं। कोई-कोई अगल-बगल के गाँवों में बस गये हैं।

कुछ लोग, सिमडेगा, राउरकेला और मध्य प्रदेश में भी ख़ेस्स परिवार के लोग जाकर बसे हैं। ख़ेस्स, धनवार और धान गोत्र वाले सभी दिघिया गाँव के मूल-उराँव वासिन्दे थे। इनको चिढ़ाने के लिए लोग 'घोड़ खाइया' दिघियार कहते हैं। इस प्रकार दिघिया के आधे लोग गाँव के पठानों के मार-पीट और तंग करने से खेत-बारी छोड़कर दूसरी जगह भाग गये। इनके छोड़े हुए खेतों को गाँव के पठान, पांडे-ब्राह्मण और गाँव के मुख्य-मुख्य महतो, पहान और भूंइहर दखल कर लिये।

बगल के गाँव घघरा में बसे लोग यहाँ आकर खेती करते हैं नहीं तो खेत को बटाई में दे देते हैं। बाहर से आये पठानों ने दिघिया गाँव को बर्बाद कर दिया। अब गाँव के उराँव अपने हक हकियत को समझ गये हैं इसलिए उनका रोब-दाब और जुल्म आदिवासियों पर नहीं चलता है। ये उनको हेय की निगाह से देखते हैं।

फादर लीवन्स ने तोरपा में 1885 से 1887 तक काथलिक धर्म का प्रचार कर मुंडा और खड़िया परिवारों को ईसाई बनाने के बाद उनकी निगाहें उराँव आदिवासियों पर पड़ी। इन्होंने तोरपा में चर्च और लोअर प्राइमरी स्कूल बनाया। ये तोरपा क्षेत्र में करीब तीन वर्षों तक अथक परिश्रम करके 15,000 मुंडा लोगों को काथलिक बनाया। फरवरी 1888 में 2,500 खड़िया परिवारों को बपतिस्मा देकर काथलिक धर्म में लाया। करीब नब्बे प्रतिशत खड़िया परिवार के लोग रोम काथलिक हो गये। फादर लीवन्स 3 जून 1888 को तोरपा छोड़कर राँची आये। इन्होंने दिघिया में खेमा गाड़कर सारे उराँव क्षेत्र में धर्म प्रचार का बीड़ा उठाया। हालांकि दिघिया पारिस 1886 में ही शुरूआत हुआ था। फादर डीकोक यहाँ के प्रथम पारिस प्रीष्ट हुए थे। फादर हाँइगे की मदद से फादर डेस्मेट ने दिघिया क्षेत्र में 5,000 लोगों को ईसाई बनाया और 1888 मई तक में पुनः 6000 लोग काथलिक ईसाई बने। ईसाई बनाने में आर्च बिशप गुथौल्स का पूरा सहयोग था। ये रोम से आये पैसों को भेजते थे।

अब रही दिघिया गाँव की बात, काथलिक मिशन के आने के 45 वर्ष पहले से आकर जर्मन मिशन के पादरी दिघिया क्षेत्र और दिघिया गाँव में धर्म प्रचार कर रहे थे। पाँच वर्षों के बाद हेथाकोटा में दो उराँव परिवार जर्मन मिशन में आये। फिर चट्टी, टेंगरिया, खिरदा, चरिमा, चचकपी, कुदारखो और खत्री खटांगा में कुछ लोग जर्मन मिशन में आये। 45 वर्ष तक जर्मन पादरी अपने प्रचारकों के साथ दिघिया गाँव को रात-दिन छान डाले फिर भी एक भी उराँव जर्मन मिशन की तरफ नहीं झुका।

रोमन काथलिक मिशन के फादर डीकोक, हाँइगे और हगेन बेक रात-दिन अपने प्रचारकों के साथ जाकर लोगों के साथ काथलिक बनाने के लिए सम्पर्क रखते थे। गिरजा और स्कूल गाँव से सटा हुआ था फिर भी एक परिवार भी मिशन नहीं बना। दिघिया क्षेत्र के लोग तथा बीरू, बरवे, जशपुर, सिमडेगा और अन्य-अन्य जगहों से लोग दिघिया आकर बपतिस्मा लेकर ईसाई बनते थे। गाँव के चार महतो

और चार पहानों के शासन में गाँव संगठित था। फादर लीवन्स ने भी रात-दिन प्रयास किया पर फेल हो गया। गाँव रातू महाराजा के अधीन था इसलिए तोरपा और दिघिया के बाहरी क्षेत्रों के समान यहाँ केस मुकदमा नहीं था। बेठ-बेगारी और दबदबा का झंझट भी नहीं था, वे अपने सरना धर्म और संगठन में अडिग थे। गाँव सुखी सम्पन्न था। फादर लीवन्स का हथकन्डा इस गाँव पर नहीं चला। फादर लीवन्स बेल्जियम जाने के लिए 1 सितम्बर 1892 में निकले। उन्हें क्षय रोग हो गया था। वे यूरोप के रोम और अन्य जगहों पर दवा-दारू कराते रहे पर चंगा नहीं हुए। अन्त में 7 नवम्बर 1893 के अपराह्न ढाई बजे उनका निधन हो गया। धरती माँ ने अपने कोख में उन्हें सदा के लिए सुला दिया।

उनकी मृत्यु के बाद जमीन संबंधी मुकदमों में पैरवी करने वाला कोई पादरी नहीं रहा इसलिए काथलिक मिशन ने ईसाई बनाने का नया तरीका अपनाया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के मारफत काथलिक बनाने का फार्मूला अपनाया। फादर लीवन्स के समय ही सभी मिशन स्टेशनों में लोअर प्राइमरी स्कूल और गिरजा स्थापित कर दिये गये थे। दिघिया के संगठित और कट्टर उराँव लोगों को बहुत महीनी चालों से फुसला कर काथलिक बनाया गया। फादर लीवन्स के बाद उराँव फादर तैयार हो गये थे। उन्हें दिघिया का पारिस प्रीस्ट बनाया गया। इनमें मुख्य पीयुस ख़लखो थे जो रायडीह थाने के उराँव थे, बाद में ये जशपुर के बिशप बने। इनके परिवार के लोग दिघिया गाँव आकर मिशन का काम करने लगे। जिन्होंने चारों महतो और पहानों के घर में जाकर सम्पर्क किया। उन्हें उराँव भाषा में बोलकर उनके बच्चों को पढ़ाने के बहाने मिशन स्कूल में नाम लिखवाया और उनके बच्चों को बपतिस्मा देकर मिशन बनाया। इन्हीं बच्चों के मारफत चारों महतो और दो पहान परिवार मिशन हो गये। यह महीनी प्रलोभन था। उन्हें पढ़ाने के नाम पर ठगा गया। बच्चों को मदद करके वे ऊपर तक पढ़ाये नहीं, पर उन्हें केवल अक्षर का ज्ञान दिये। यह, गाँव के संगठित समाज को तहस-नहस करने का बड़ा प्रलोभन रहा। केवल इनका ध्यान पादरी बनाना था। भीखू महतो के लड़के लालू जिसका नाम बपतिस्मा के बाद बेंजामिन रखा गया था जिन्हें फादर बनाने के लिए कोलकत्ता भेजा गया। किन्तु उन्हें क्षय रोग हो गया। भगवान ने साथ नहीं दिया, इसलिए उन्हें फादरी से निकाल दिया गया। उनकी शादी पत्थल-कुदवा के जोसफिना से कर दिया गया। कुछ दिन के बाद लालू-बेंजामिन मर गया। जोसफिना विधवा हो गई जिसे बन्धू- अलफोस ने शादी कर लिया। इससे भी

कोई बाल-बच्चे नहीं हुए। बन्धू की पहली पत्नी से अंजू पैदा हुई थी। अंजू की माँ जोसफिना को शादी करने के पहले ही वह मर गई थी। बन्धू मरने के पहले लोअर पास करके सेना में गये थे।

गाँव में चार महतो थे जिनके बच्चों को पढ़ाने के लिए नामांकन किया गया था उनका विवरण इस प्रकार है -

1. भीखू महतो जिनके बच्चों को नामांकन मिशन स्कूल में किया गया था। गाँव का यह महतो परिवार का पहला परिवार ईसाई बना। वे बच्चे थे, लालू-बेंजामिन, बिरसा-अन्थोनी, भतीजा गब्रिएल, पैतू।
2. बेरा महतो इनके लड़के कैला और मतियस।
3. पतू महतो - इन के लड़के गरीबापतरस और जोन थे।
4. बुधवा महतो - इनके लड़के फोसे माईकेल पौलुस और जुएल थे। इनके परिवार को ओंड़का कह कर ईसाई बनाया।

लुकसा खानदान को दरहा भूत, इनके परिवार में है कहकर ईसाई बनाया गया। अब पहान खानदान में लूम्बा पहान के लड़के दानिएल और अलविस का नामांकन कराया। इसी प्रकार दूसरे पहान खानदान से सीमोन और जेम्स का नामांकन करा कर काथलिक बनाया।

इसी प्रकार भीखू महतो की बेटी बेरा खेस्सा के पास गाँव ही में रह गई थी उनके लड़के अलफोंन्स और बरना का नाम मिशन स्कूल में लिखवा कर पूरा परिवार को ईसाई बनाया। पतू महतो की दो लड़कियाँ गाँव में ही रह गई थी। एक डुडू गन्दूर के पास, इनके लड़के मंगरा-लुईस और अलविस को पढ़ाने के बहाने से समूचा खानदान को काथलिक बनाया। बेरा महतो की लड़की गाँव ही में डिगो लकड़ा के यहाँ रही। उनके परिवार को भी काथलिक धर्म में लाया गया। सीपिरिया खानदान के लोग भी मिशन बने। इनमें अंजेला सिस्टर हुई थी। इसी खानदान में गंदिरा के भाई चम्पा-जोसेफ को दिघिया में पढ़ाकर सन्त इग्नातियुस हाई स्कूल भेजा गया और वहाँ इनको ईसाई बनाकर पत्थलकुदवा में शादी करा दिया गया। पादरियों ने तिरकी परिवार पर भी हाथ लगा कर बुदू तिरकी के लड़के भीखा-जेम्स को स्कूल भेजा और इनके खानदान को ईसाई बनाया। इसी प्रकार जूरा के परिवार जो गन्दिरा और सीपिरिया खानदान का है। जूरा के मरने के बाद इनकी लड़कियों को मिशन स्कूल में भेजा और उनकी दोनों लड़कियों और उनकी माँ बेलहो को काथलिक धर्म में लाया।

मिंज परिवार में लेदा मिंज के लड़के राफेल और दोमनिक को स्कूल में नामांकन करा कर समूचे परिवार को ईसाई बना लिया। फादर पीयुस दिघिया छोड़ने के पहले कना-कूड़ा के लड़के महादेव के बेटे को यह कहकर स्नान दिया कि उस पर मेरा जश लगेगा यह ख्रीस्तान बनाने का षड्यंत्र रहा। उस नन्हें बच्चे का नाम, अपने नाम पर पीयुस रखा और ईसाई बना लिया।

फादरों ने हाथी घर के भोकरे और माँगा का नामांकन मिशन स्कूल में कराया, पर ये मिशन नहीं हुए। माँगा नाटा लड़का था इन्हें मिशन बनाने के लिए जोर-जुल्म किया, तब इन्होंने विदेशी फादर की दाढ़ी को पकड़ कर झूला-झूला था, जिससे इनको मार मिली। उन्होंने स्कूल छोड़ दिया। इनके चाचा भोकरे रसिक थे, ये अखड़ा खेलने में रम गये। इन्होंने स्कूल छोड़ दिया इनके लड़के पैतू ख़ेस्स और शंकर हैं। पैतू ख़ेस्स की एक लड़की केनरा बैंक में क्लर्क है। दूसरी लड़की पारा शिक्षक है।

मिशनरियों के स्कूल लेकर मिशन बनाने के कारण सरना परिवार वालों ने मिशन स्कूल में पढ़ाना ही बन्द कर दिया था। हाल फिलहाल में तुरी ख़ेस्स के लड़के-साहदेव को मिशन बनाकर पादरी बना लिया। इन्होंने अपने पिता के सारे परिवार वालों को मिशन बना लिया। इसी प्रकार पतू महतो के दूसरे दामाद सोमई ख़ेस्स के परिवार को भी ईसाई बना लिया है और एक बेटे के लड़के को फादर बनाया।

ऐसी परिस्थिति में भी ऊपर टोली और पहान टोली के ख़ेस्स भूंइहर और गौरों परिवार के पचास प्रतिशत लोग सरना धर्म मानने वाले बच गये हैं। इस गाँव के उराँवों की जनसंख्या दो भागों में बँट गई है। महतो अर्थात् गाँव के शासक वर्ग समूचे के समूचे काथलिक धर्म में चले गये जिसके कारण गाँव का संगठन टूट गया। समाज के धड़ को ईसाइयों ने काट लिया फिर भी उनका जड़ बचा हुआ है सरना समाज सम्भल जायेगा तो मूल जड़ से निकला नवगोजा सरना धर्म में पनप सकता है। धार्मिक कार्य के खेतों को जो उनके अधीन था ईसाइयों ने कब्जा कर लिया है।

गाँव में उराँव को छोड़कर दूसरी जाति के कोई भी लोग ईसाई नहीं बने हैं।

फादरों और सिस्टरों ने आधे मुख्य-मुख्य परिवारों को काथलिक बनाया। स्कूल भी खोल दिया गया था। इसलिए मिशन परिवार के लोगों को पढ़-लिखकर

बड़े-बड़े पदों में आसीन होना था। शिक्षा का दीप फादर लीवन्स द्वारा 1888 में ही जला दिया गया था। इस प्रकार करीब 135 वर्ष बीत गये। माननीय जिला जज पीयुस ख़ेस के सिवाय कोई पदाधिकारी नहीं हुए। ये हमारे साथ पढ़े। अभी हाल में बरना मास्टर की लड़की बरथेला डी.एस.ई. बनी हैं। कुछ लोग मास्टर मिस्ट्रेस और लिपिक बने हैं। अलफोन्स का लड़का मार्टिन पशुपालन विभाग में बड़ा बाबू है। सीपीरिया खानदान का एक लड़का अमीन है। जैसे मिशन की जनसंख्या प्रलोभन देकर बढ़ाने की रही वैसे मिशन का योगदान शिक्षा में बिल्कुल नहीं रहा। जज साहब की एक लड़की और लड़का बैंक में बैंक मेनेजर हैं तथा एक लड़की डाक्टर है। मांगो और झुबू शिक्षिका बनी। जोनसन तिरकी रेलवे में पुलिस इन्सपेक्टर है उन्हें पादरी बनाने के लिए मिशन पढ़ाया था। वह लेखक के खानदान का है।

सरना समाज के लोग तो मिशन स्कूल में पढ़ाना-लिखाना ही छोड़ दिये थे जैसे ऊपर बतलाया गया है। 1945 में मैं भीखू तिरकी और श्री पियुस ख़ेस्स दोनों सहपाठी दिघिया मिशन के मिडिल स्कूल के बाल वर्ग में पढ़ना शुरू किये। मैं दिघिया से मिडिल पास करके सन्त इग्नातियुस हाई स्कूल गुमला में अडमिशन लेकर सन् 1957 मार्च में मैट्रिक पास किया और सन् 1962 जून में सन्त जेवियर्स कॉलेज से बी.कॉम की डिग्री ली तथा सन् 1963 जुलाई में बैचलर ऑफ ला की डिग्री प्राप्त की। बिहार की ग्यारहवीं प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ कर उत्तीर्ण होकर सन् 1961-62 में मजिस्ट्रेट बना लेकिन चीन और भारत के बीच युद्ध चलने के कारण 1963 ईस्वी के सितम्बर महीने में मेरी पोस्टिंग हुई। मिस्टर पीयुस ख़ेस्स हाई स्कूल के लिए सेन्ट जोन हाई स्कूल राँची गये। वहाँ से पास करने के बाद हम दोनों सन्त जेवियर्स और ला कॉलेज में साथ रहे। ये मुंसिफ माजिस्ट्रेट बने। मैं सन् 1996 के अप्रैल महीने में उपनिर्देशक कल्याण द.छो.प्र. राँची से सेवा निवृत हुआ। इसी साल मिस्टर पीयुस ख़ेस्स भी डिस्ट्रीक्ट जज औरंगाबाद से रिटायर्ड हुए। गाँव एवं बेड़ो थाना का मैं पहला ऑफिसर रहा। हमारे सरना धर्म में रह कर ऑफिसर होने से सरना धर्म वाले पढ़ना शुरू किये। पैतू ख़ेस्स अमर भगत, झिरगा ख़ेस्स, खिमिया ख़ेस्स सोतवा ख़ेस्स और हिरको ख़ेस्स बी.ए. पास किये। अमर भगत की लड़कियाँ और एक लड़का बी.ए. पास है। दोनों लड़कियाँ नौकरी में हैं।

ये पदाधिकारी नहीं बने पर किसी न किसी सरकारी सेवा में समायोजित हुए। श्री झिरगा ख़ेस्स दारोगा के पद में हैं। श्री अमर भगत राँची यूनिवर्सिटी में

कार्यरत थे। श्रीमती हिरको खेस्स टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की शिक्षिका है। कुछ लड़के और लड़कियाँ झारखण्ड पुलिस में बहाल हुई हैं। हमारा बड़ा लड़का राजन कुमार तिरकी बैंक ऑफ बड़ौदा में चीफ मेनेजर के पद में आसीन है और उससे छोटा लड़का श्री शशि भूषण तिरकी रेलवे सेवा में कार्यरत है। एक भतीजा सुरेश तिरकी रेलवे में बड़ा बाबू है। सुखदेव भगत का लड़का गौरी भगत ए.जी. बिहार में कार्यरत था।

गाँव के मुसलमान परिवार में कोई भी उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं किया है। गोड़ाईत परिवार में भीम राम नवाँ क्लास पास करके मिलिट्री में गये थे। इनके चार पुत्र हैं सबसे बड़ा दमोदर जो दारोगा से अभी हाल ही में सेवानिवृत हुए हैं। उनसे छोटा फाईनेंस विभाग में है जिसका नाम आनन्द राम है। उससे छोटा शंकर बैंक में ऑफिसर है। सबसे छोटा ग्रेजुएट है पर अच्छे पद में नहीं हैं।

तेली साव परिवार में जगरनाथ मास्टर गाँव का पहला पढ़ा-लिखा आदमी था। ये खत्री खटंगा और गुमला से पढ़कर रातू महाराजा के यहाँ बच्चों को महाराजा की कोठी में पढ़ाते थे। इसका सबसे बड़ा लड़का दिगम्बर बेसिक स्कूल का शिक्षक था। उससे छोटा शिव प्रसाद साहू अडभोकेट थे। इनके दोनों बेटे दुनिया में नहीं रहे। शिव प्रसाद साहू का एक लड़का मेडिकल रीप्रेजेनटेटिभ है। इन्हीं के दूसरे खानदान में बोलो साव का लड़का रामलखन साव वकील है। अलग तेली साव खानदान में बेचना साव का लड़का श्री बीरेन्द्र साव कल्याण विभाग में शिक्षक हैं। इनका छोटा भाई रमेश बी.ए. पास है पर नौकरी नहीं लगी। लोहरा परिवार में भोटवा लोहरा का बड़ा लड़का साहदेव नगरपालिका में टैक्स कलेक्टर था जो सेवा निवृत हो गया। बड़ाईक खानदान में हरकनाथ का लड़का कुछ पढ़ा-लिखा है। झुरन बड़ाईक खानदान में बाणासिंह बड़ाईक कुछ पढ़े लिखे थे। अहीर परिवार में सीटवा अहीर का लड़का मैट्रिक पास है पर वह सरकारी सेवा में नहीं है।

बनिया साव परिवार में रामदास का बेटा बिसेश्वर साहू कोपरेटिब बैंक के मेनेजर थे जो सेवा निवृत हो गये हैं। उससे बड़ा भाई किशोर स्वास्थ्य विभाग में प्रखंड स्तर पर कार्यरत रहकर सेवा निवृत हुए। गजाधर साव का लड़का मनीष कोपरेटिव बैंक में कार्यरत हैं।

अभी हाल में लोग शिक्षा और नौकरी का महत्व जान गये हैं इसलिए पढ़-लिख रहे हैं लेकिन सरकारी नौकरी पाना कठिन हो गया है। इसके लिए लोगों

को अथक परिश्रम करना होगा। पढ़े-लिखे लोगों को नौकरी पाने के अलावे रोजी-रोटी के लिए रोजगार के कामों में भी ढालना होगा। जिनके पास खेत है उनको खेती को कैश क्रोप में बदलना है। खेती में तरह-तरह की तकनीकी और सुविधाए हैं इसलिए खेती-बारी में भी जोर देना है। लोग संगठित होकर विकास के कार्यों पर बिचार-विमर्श करें। समय को बेफायदा नहीं गवाँवें। मेहनत करते रहें, मेहनत का फल मीठा होता है। नशापान को त्याग दें। नशापान करने से काम में हर्जा होता है। साथ-साथ लड़ाई-झगड़ा भी होती रहती है। नशापान बुराई की जड़ है। बाल-बच्चे भी बर्बाद हो जाते हैं। सभी बच्चे-बच्चियों को स्कूल भेजना आवश्यक समझें। उन्हें उत्साहित करें।

गाँव के चौमुहाने में गाँव का एक बड़ा नृत्य अखाड़ा है। जहाँ पर्व-त्योहार के सुवसरों पर रात-दिन नृत्य हुआ करते हैं। गाँव के सुहावन एवं मनोरंजन हेतु लड़के-लड़कियाँ रात में नाच-गान करती हैं। इसी समय कोटवार इन्हें गाने बजाने के ताल और राग का अभ्यास कराता है। उराँव संस्कृति को बचाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

अध्याय - 3

राय साहेब बन्दीराम उराँव

बन्दीराम उराँव का जन्म बड़ा तालाब के किनारे राँची शहर के पुरानी राँची गाँव में सन् 1872 में हुआ था। इनके पिता का नाम बन्धु राम उराँव और माँ का नाम कुमिया था। यह पुरानी राँची का नामी परिवार था। खेत-खलियान का तो कहना ही नहीं सभी धान खेत एक नम्बर के थे। इनके पिताजी को अपने लड़के को पढ़ाकर बड़ा बनाना और गिरे हुए अनपढ़ लोगों के बीच जागृति लाना मुख्य ध्येय था। इनको पढ़ाने के लिए इनके पिता जी ने एक विद्वान मौलवी का जोगाड़ किया। मौलबी साहेब बहुत ही योग्य प्रखर बुद्धि वाले थे। उन्होंने उनके घर ही में पढ़ाने का बीड़ा उठाया। ये उन्हें उनके घर ही में जा-जा कर उर्दू, हिन्दी, फारसी और सरकार या स्कूल में पढ़ाने वाले विषयों को पढ़ाना आरम्भ किये। बन्दी राम उराँव बचपन से ही तीव्र बुद्धि वाले तेज तरार लड़के थे। वे मास्टर के पढ़ाये सभी विषयों का मनन बड़ी ध्यान देकर याद करते थे। चंचल और तीव्र बुद्धि वाले होने के कारण वे सभी पढ़ाई की बातों को मानस पटल में रखकर घोखते थे। इस प्रकार ये एक काबिल विद्यार्थी थे।

मास्टर साहब केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते थे पर दुनियादारी चीजों को भी बतलाते थे। उनकी छिपी हुई भगवान द्वारा दी बुद्धि और तकदीर को खोलते थे। पढ़ाई के बाद वे बतलाते थे कि कैसे जीवन यापन करें और समाज के बीच काम करके निःसहाय लोगों को कैसे ऊपर उठायें। उनकी तकदीर को कैसे खोलें। बन्दी राम बाबू पेड़ चढ़ने में महीर थे। यही उनके ऊपर बढ़ने और तरक्की करने का सन्देश देता था। ये उर्दू, हिन्दी और फारसी पढ़ने में माहीर हो गये। ये क्लास के सभी विषयों को भी पढ़कर सातवें क्लास का कोर्स पूरा कर मिडिल पास कर गये।

मास्टर साहब एवं उनके पिताजी की इच्छा से इनका नामांकन राँची जिला स्कूल के आठवें क्लास में हुआ। ये लगन से पढ़ते गये। इनके साथ गोपाल बाबू, मिरजा साहेब, मिस्टर तिवारी और अन्य-अन्य बड़े-बड़े घर के लड़के इनके क्लास में पढ़ते थे इनकी संगति से भी इनका ज्ञान बढ़ता था। ये बड़े लगन से नवीं क्लास तक पढ़ें। इसी बीच में इनके घर में समस्या उठ गई। घर में बँटवारा और लड़ाई

झगड़ा होने लगा। इनकी चिन्ता बढ़ गई। स्कूल और घर के बीच इनका ध्यान बँट गया। ऐसी हालत में इनको स्कूल छोड़ना पड़ा।

ये चिन्तित होकर घर में रहने लगे। मौलवी मास्टर साहेब के दिये गुरू वाणी को याद करके इन्हें लोगों की भलाई में काम करने की चिन्ता सताने लगी। अपने तो मैट्रिक भी पास नहीं कर सके पर समाज के लोगों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया। अपने घर के पास ही चालीस-पचास मिट्टी की कोठरी बनवाया और देहात से आये इच्छुक लोगों को रखकर विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने के लिए भेजते थे। स्वयं गाँव के बाहर से आये और गाँव के लोगों एवं बच्चों को हिन्दी और उर्दू पढ़ाते थे। उस समय का नवाँ क्लास आजकल के बी.ए. पास के बराबर होता था। वह पुरानी राँची में स्कूल खोलकर पढ़ाने लगे। गाँव और बाहर से आये छात्र इन्हें मास्टर साहब कहने लगे। इतने पर भी इन्हें सन्तोष नहीं हुए। इन्होंने छोटानागपुर के उराँव एवं अन्य आदिवासियों के लिए एक शिक्षा समिति का गठन किया। उस समिति में दूर-दूर के नामी जाने-माने लोग समिति के सदस्य बने। इनमें बलकू उराँव, नरसिंग ख़लखो के बाबू जी, जन्ना गाँव के चापा हुरहुरिया गाँव के कयुस, दमड़ी भगत और छोटानागपुर के इने-गिने मुख्य-मुख्य लोग थे। यहीं रहकर गड़गाँव के महादिपा वकील, नरसिंग ख़लखो, हरिनंदन राम और उनके छोटे भाई राजेन्द्र पढ़े-लिखे और अच्छे-अच्छे ओहदे पर सरकारी सेवा में रहे। इन्हीं के कारण भरनो का महली परिवार आगे बढ़ा। गड़गाँव के महादिपा वकील बने। नरसिंग ख़लखो ने उपनिदेशक जनसम्पर्क के पद को सुशोभित किया। हरिनन्दन राम स्कूल इन्सपेक्टर के पद पर रहे और उनके छोटे भाई राजेन्द्र एक्साइज इन्सपेक्टर के पद को पकड़ लिये। इस प्रकार बहुत से लोग बन्दीराम उराँव के बनवाये छात्रावास पुरानी राँची में रहकर पढ़े-लिखे और सरकारी सेवा में बहाल हुए। आदिवासियों के उत्थान में इनका कार्य और योगदान समाज के लिए सराहनीय रहा। इनके छात्रावास में 300-400 लड़के रहते थे।

इनके साथ पढ़ने वाले गोपाल बाबू, मिरजा साहेब और तिवारी पढ़-लिखकर बड़े-बड़े आदमी बने। राय साहेब का तकदीर साथ नहीं दिया इसलिए इनको स्कूल छोड़ना पड़ा। परिवार के पालन-पोषण के लिए इन्होंने प्रेस में काम करना शुरू किया। सन् 1903 में सर्वे सेटलमेन्ट के कार्य की शुरूवात हुई। बन्दीराम उराँव ने अमीन का कार्य पकड़ लिया। सर्वे कार्य में पदस्थापित नये-नये

पदाधिकारियों को गाँव-घर, लोगों के बात-व्यवहार और नियम-कानून की जानकारी मास्टरों की तरह दिया करते थे, इसलिए बन्दीराम बाबू पदाधिकारियों के बीच बहुत लोकप्रिये हो गये थे। अमीन काम करते समय इनको जिलाभर के गाँवों में घूम कर समझने-बुझने का मौका मिला। इनको गाँव के लोगों से मिलने का भी अवसर प्राप्त हुआ। ये गाँव-घर के लोगों के बीच आदरनीय आदमी बने।

नापी कार्य के पूर्ण होने के बाद इन्होंने तहसीलदार का काम पकड़ लिया। इस काम को करते-करते जमीन-जायदाद के विषय में पूरी जानकारी हुई। उन्होंने यह भी जान लिया कि सूदखोर और जमीनदार कैसे आदिवसियों की जमीन को लूट लेते हैं जिस कारण आदिवासियों को खेत-बारी और गाँव छोड़कर कोड़ा-भोटांग और चाय बगानों में काम करने के लिए जाना पड़ता है। दबंग लोग कैसे आदिवासियों को परेशान करते हैं। इन सबकी जानकारी ये आदिवासियों को देने लगे। उनके खेत-बारी को लूटाने से कैसे बचाये। इसकी चिन्ता उन्हें सताने लगी।

खुदा-न-खास्ते इनकी भेंट एक ज्ञानी वकील और आदिवासियों के हितैषी राय बहादुर शरत चन्द्र राय से हुई। ये आदिवासियों के रीति-रिवाज, धर्म-कर्म, जीवन और संबंधित चीजों के विषय में लिखना आरम्भ किये। इनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं जो उराँव और उनके धर्म और रीति-रिवाजों से संबंधित हैं। इनके इस लेखन कार्य में बन्दीराम उराँव का भरपूर सहयोग रहा है। ये शरत बाबू को गाँवों में घूमा-घूमाकर संबंधित विषयों की जानकारी कराते थे। जीवन भर ये भाई-भाई की तरह रहने लगे। ये एक दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे।

सन् 1915 में टाना भगतों का प्रचार-प्रसार होने लगा। टाना धर्म की हवा-बयार इतने जोरों से चली कि सिसई, लोहरदगा, कुडू, मांडर, टुड़ी, चन्दवा, पलामू, हजारीबाग, बसिया, भंडरा और अन्य-अन्य जगहों में जा-जाकर जतरा टाना भगत और उनके अनुनाइयों की बैठक करने लगे। टाना भगतों के धर्म का संगठन बढ़ता और मजबूत होता गया। इसी बीच महात्मा गाँधी ने नारा लगाया - अंग्रेजों भारत छोड़ो। इन्होंने इस आन्दोलन को छोटानागपुर में भी फैलाया। टाना भगतों को संगठित देखकर इनको कांग्रेस पार्टी में मिला लिया। ये टाना भगत अंग्रेजों के कार्यों में सहयोग नहीं देने लगे। मालगुजारी देना बन्द कर दिया और दूसरे-दूसरे कामों में भी अड़चन डालना शुरू कर दिया। सरकार टाना भगतों के असहयोग आन्दोलन को कुचलना चाहती थी। उस समय बन्दी राम उराँव ही एक ऐसा आदमी थे जो टाना

भगतों को समझा-बुझा कर अंग्रेज सरकार की मदद कर सकते थे।

बन्दीराम उराँव टाना भगतों के बीच घूम-घूम कर सभा का आयोजन करने लगे जिसके कारण टाना भगतों का असहयोग आन्दोलन कमजोर पड़ा। टाना भगतों को इनके समझाने-बुझाने के कारण, अंग्रेज सरकार ने इनको राय साहेब बन्दीराम उराँव का ओहदा-तमगा दिया जिसके कारण ये लोगों के बीच इसी नाम से मशहूर हुए। लोग इन्हें राय साहेब बन्दीराम उराँव कहने लगे।

